तापमान

अधिकतम 32.6 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 23 अक्टूबर 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



11 पाटन कॉलेज में राजनीति विज्ञान परिषद उद्घाटित





11 मनवा कुर्मी समाज के चुनाव में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया भाग









## खबर संक्षेप

### आईजी ने किया प्रमोट

**भिलाई।** आईजी राम गोपाल गर्ग ने सामान्य शाखा संवर्ग, पुलिस मुख्यालय के उप निरीक्षक (अ) से निरीक्षक (अ) के पद पर पदोन्नति के लिए योग्यता सूची जारी की। सूची के आधार पर जितेन्द्र कुमार सुखदेवे, कार्यालय पु.म.नि. दुर्ग रेंज को स्टार लगाकर निरीक्षक (अ) के पद पर पदस्थ किया है। मंगलवार को आईजी राम गोपाल गर्ग ने जितेन्द्र कुमार सुखदेवे को पदोन्नति प्रदान की। जितेन्द्र कुमार अपनी दक्षता, निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने नए उत्तरदायित्व की भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर कार्यालय डीएसपी पनिक राम कुजूर, डीएसपी शिल्पा साहू, स्टेनो श्रीनिवास राव, लिपिक उप निरीक्षक (अ) सफीक खान, पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला मौजूद थे।

### चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कुम्हारी।** गाली गलौज करने चाकू से हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 109 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि रामनगर बाजार चौक निवासी जितेंद्र सिंह केडिया डिस्लरी में सुपरवाइजर के पद पर काम कार्यरत है। शाम को अपने घर से निकलकर सत्तु होटल के सामने बैठा हुआ था। इस दौरान संतोष निर्मलकर आया और गाली-गलौज करने लगा। तभी जितेंद्र सिंह ने मना करने पर धमकाते हुए संतोष ने अपने कमर से चाकू निकाला और जितेंद्र सिंह पर हमला कर दिया। जितेंद्र के बांए हाथ की कोहनी के चोट आई है। उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी संतोष निर्मलकर को गिरफ्तार कर लिया है।



पीड़ित

### उज्जैन गए परिवार के मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** एमपी घूमने गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर नगदी और सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305,331(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 07 सड़क 38 ए क्वाटर 03 डी निवासी सविता ठाकुर ने शिकायत किया है कि 18 अक्टूबर की शाम मकान में ताला जड़कर परिवार सहित एमपी के उज्जैन , सीहोर घूमने परिवार समेत निकले थे। इस दौरान 21 अक्टूबर की सुबह वापस लौटने पर मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पड़ा मिला। आलमारी में रखे सोने की चार नग अंगूठी , पायल एक जोड़ी, चांदी के दो नग मूर्ति एक लक्ष्मी, गणेश की प्रतिमा चोरी कर फरार हो गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### युवक-युवती परिचय व स्नेह सम्मेलन 10 को

**भिलाई।** छग मेहर समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान युवक-युवती परिचय एवं स्नेह सम्मेलन सामुदायिक भवन इंडोर स्टेडियम प्रांगण बुढ़ापारा रायपुर में 10 नवंबर को आयोजित हैं। जिसमें प्रदेश मीडिया प्रभारी देवेन्द्र लहरी ने बताया कि मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। विशिष्ट अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, पार्षद सीमा मुकेश कंदोई होंगे। अध्यक्षता छग मेहर समाज प्रदेशाध्यक्ष खेमराज बाकरे करेंगे।

### सालभर लगा, जांच के बाद दो नोडल अधिकारियों की लापरवाही उजागर

# आरटीई पोर्टल हैक कर 25 बच्चों का निजी स्कूलों में कराया दाखिला

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई

हरिभूमि खुलासा

निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार पोर्टल हैकिंग करने का मामला उजागर हुआ है। पोर्टल हैकिंग कर 25 बच्चों का दाखिला करा दिया गया। इस मामले की शिकायत के बाद जांच में ही विभागीय अधिकारियों ने सालभर लगा दिए। वर्ष 2023-24 के इस मामले की जांच अभी पूरी की गई और दो नोडल प्राचार्यों की लापरवाही माना गया है।



#### जांच में यह खुलासा

आरटीई पोर्टल हैकिंग करने के मामले की जांच के लिए संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक संचालक सीमा नायक की अध्यक्षता से तीन सदस्यीय टीम बनाई। इन 25 बच्चों की दस्तावेजों की जांच की गई। जांच में इन बच्चों के पालकों ने अतिरिक्त बसाहट की जानकारी देकर दाखिला लिया। संबंधित दोनों नोडल अधिकारियों ने दस्तावेज सत्यापन में लापरवाही दिखाई और ओके कर दिया। जिसकी वजह से बच्चों का एडमिशन निजी स्कूलों में हो गया।

#### इन दो नोडलों में पोर्टल हैकिंग का मामला

जांच रिपोर्ट के मुताबिक डीपीएस रिसाली और डीएवी पब्लिक स्कूल नोडल के अंतर्गत आरटीई पोर्टल हैकिंग किया गया। डीपीएस रिसाली नोडल में 10 और डीएवी पब्लिक स्कूल नोडल में 12 बच्चों का प्रवेश हुआ। इस मामले में रिसाली आरटीई नोडल अधिकारी व शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टंकी मरोदा की प्राचार्य मित्राराय चौधरी और डीएवी नोडल अधिकारी व प्राचार्य अनिता जोनाथन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हॉस्पिटल सेक्टर भिलाई को लापरवाह माना गया है।

#### जांच में भी खेला किया अधिकारियों ने

हैरत की बात यह है कि हैकिंग जैसे गंभीर मामले की जांच में ही सालभर लगा दिए। वर्ष 2023-24 में आरटीई प्रवेश का यह मामला है। हैकिंग की शिकायत पहली बार को किया गया। इसमें जांच के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने नोडलों को ही जांच का जिम्मा सौंप दिया। नोडलों ने अपनी जांच में खुद को क्लीन चिट दे दिया। तब दूसरी शिकायत की गई। इस शिकायत की जांच समग्र शिक्षा विभाग से करवाई गई। यहां के जांच अधिकारियों ने भी इस मामले को क्लीन बता दिया। तीसरी बार 24-6-2024 को संयुक्त संचालक शिक्षा दुर्ग संभाग आरएल ठाकुर से की गई। ठाकुर ने जांच करवाई। जांच रिपोर्ट के आधार पर 15 अक्टूबर 2024 को दोनों नोडलों की लापरवाही उजागर हुई।

#### 25 बच्चे सालभर से पढ़ रहे निजी स्कूलों में

शिकायत की जांच में शिक्षा विभाग के अधिकारी खानापूर्ति में लगे रहे। दोषियों को बचाने का नतीजा हैकिंग कर निजी स्कूलों में 25 बच्चों का दाखिला हो गया। सालभर से ये निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। जांच रिपोर्ट के बाद जिम्मेदार विभागीय अधिकारी आगे क्या कार्रवाई करते हैं यह भी एक मुद्दा है।

#### जांच में हैकिंग मिली



आरटीई पोर्टल को हैकिंग कर पालकों ने अपने 25 बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला करवाया है। जांच में दो नोडल अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है।

**आरएल ठाकुर,** जेडी दुर्ग शिक्षा संभाग

#### जांच में लापरवाही का यह भी एक नमूना

शिक्षा सत्र 2023-24 में दुर्ग जिले में सामाजिक आर्थिक जनगणना के आधार पर निजी स्कूलों में प्रवेशित बच्चों के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा पत्र क्रमांक 634 दिनांक 6-9-2023 के माध्यम से डीईओ दुर्ग ने जांच के लिए बीईओ गोविंद साव को जांच अधिकारी नियुक्त किया। बीईओ ने 12-8- 2024 के माध्यम से जांच प्रतिवेदन पेश किया। जानकारों के मुताबिक इसमें कई खांमिया है। मसलन आरटीई एक्ट के प्रावधान 31 का अनुसरण नहीं किया। 1250 बच्चों द्वारा प्रस्तुत सामाजिक आर्थिक जातिगत जनगणना पत्रक 2011 की जांच नहीं की गई। शहरी मसौदा सूची को सही ठहराया है लेकिन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस मामले में जनगणना 2011 के ग्रामीण क्षेत्रों के आंकड़ों का अनुमोदन किया।

#### एक्सपर्ट राय: हैकिंग करना साइबर क्राइम



आरटीई पोर्टल हैकिंग का यह संभवतः पहला मामला है। हैकिंग करना ही साइब्रर क्राइम के अंतर्गत आता है। किसी भी सरकारी पोर्टल को हैकिंग करना एक बड़ा जुर्म है। दुर्ग जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव रविशंकर सिंह का कहना है कि सरकारी पोर्टल हैकिंग करने पर कानून में आई एक्ट व धारा 318-4 के तहत अपराध माना गया है। इसमें सात साल की सजा का प्रावधान है।

### त्योहारी सीजन में भिलाई निगम का निर्णय

# पार्किंग पर ही वाहन खड़ा करें, नहीं तो कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अभी त्यौहार का सीजन आ गया है। चारों तरफ मार्केट क्षेत्र में खरीदारी करने के लिए ग्राहक मार्केट में जा रहे हैं।

नगर निगम भिलाई द्वारा सभी प्रमुख मार्केट में मार्किंग करवाई जा रही है। एक सर्वे के दौरान यह आया है कि बहुत से दुकानदार अपनी गाड़ी, मोटरसाइकिल, स्कूटी एवं उनके यहां काम करने वाले कर्मचारी साइकिल को अपने दुकानों के सामने किनारे में लगा देते हैं। जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है। उसी के सामने यदि कोई ग्राहक बेतरतीब गाड़ी लगा देता है, जिससे पूरा रास्ता जाम हो जाता है। कुछ व्यापारियों द्वारा सामान की ढुलाई भी दिनों में करवाई जाती है। जिसके कारण ऑटो रिक्शा या ठेला रिक्शा मार्केट में चलते हैं। इससे भी रास्ता जाम हो जाता है।

#### इन अधिकारियों की टीम बनी

आयुक्त बजरंग दुबे ने सभी अधिकारियो के आदेश डयूटी जारी किये है। जो जोन क्रमांक 1 क्षेत्र में प्र.सहायक राजस्व अधिकारी पी.के.तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, राजस्व अधिकारी शशांक शेखर सिंह। जोन क्रं. 2 क्षेत्र में सहायक राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा। जोन क्रं. 3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र में जोन स्वास्थ्य अधिकारी विरेन्द्र बंजारे, वार्ड प्रभारी दुर्गा माधव पाढ़ी, वार्ड प्रभारी राहुल राजपूत। जोन क्रं. 4 शिवाजी नगर क्षेत्र में सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी। इसी प्रकार जोन क्रं. 5 क्षेत्र में बेदखली दल प्रभारी हरिओम गुप्ता, सहायक दल प्रभारी अंजनी सिंह आकाश गंगा, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला कोहका रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, नंदिनी रोड़, जवाहर मार्केट, पावर हाउस, जलेबी चैंक एरिया एरिया में आवागमन को पार्किंग एरिया को व्यवस्थित करवाए। सभी लोग गाड़ियां वहीं पर खड़ा करें, जहां पार्किंग स्थल है। साथ में माल की ढुलाई दुकान बंद होने के बाद करें। दिन में माल की ढुलाई करने से रास्ता बाधित होता है।

#### बेतरतीब पार्किंग से आवागमन प्रभावित

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने सभी व्यापारियों से एवं ग्राहकों से अपील की है कि गाड़ियों का पार्किंग बनाये गये पार्किंग स्थल पर ही करें, आवागमन को बाधित न करें। त्यौहार का सीजन है लोग घरों से निकलकर सामान खरीदने के लिए आते हैं। पार्किंग में बेतरतीब गाड़ियां खड़ा कर देने से पार्किंग बाधित होता है। सहयोग करें।

### स्वसहायता समूह का मोर बाजार अभियान आज से

**भिलाई ।** ख्याति महिला स्वसहायता समूह के तहत रिसाली नगर निगम क्षेत्र में रिसाली मिलेट्स के निकट 23,24 व 25 अक्टूबर को मोर बाजार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। दीदी बाजार का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रुप से मजबूत बनाना है। दीदी बाजार की संस्थापिका पद्मश्री ब्राड एंबेसडर फूलबासन यादव हैं। समूह की स्थापिका लता शिर्के हैं। आयोजन से दीदी बाजार के द्वारा रिसाली क्षेत्र के लोगों को महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा बनाए गए उत्पादों को घर घर पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।

## पत्रकारों के साथ मारपीट करने वाले गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

खबर बनाने गए निजी चैनल के पत्रकारों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि ग्राम कचांदुर और ढौर के बीच सोमवार को हुए सड़क हादसे की खबर बनाने रायपुर निवासी पत्रकार अनमोल तिवारी, दुर्गेश साहू, कार का चालक कुलदीप गनवर भी पहुंचा था। इस दौरान शाम 4 बजे सोमवार को हादसे की खबर बनाने के लिए पत्रकार गए हुए थे। इस दौरान दामेन दास मानिकपुरी और अन्य लोग शराब के नशे में पत्रकारों से उलझ गए और मारपीट करने लगे। दामेनदास मानिकपुरी ने पत्रकारों से कहा कि उनकी रिकार्डिंग करो तब चालक गनवर ने उन्हें ऐसा करने से मना किया। इसके बाद मानिकपुरी गनवर से गाली-गलौज कर हाथ-मुक्के से मारपीट

■ पुलिस ने की कार्रवाई

करने लगा। जिसे देख अनमोल और दुर्गेश उन्हें मना करने पहुंचे। लेकिन आरोपियों ने पत्रकारों से मारपीट की। किसी तरह पत्रकार अपनी जान बचाकर पुलिस थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पत्रकारों पर हमला करने वाले आरोपी नशे में थे। किसी तरह पत्रकार अपनी जान बचाकर सीधे थाने पहुंचे।

## शिविरों में बनाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ बीपीएल परिवार के लिए 5 लाख तक इलाज

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में नागरिको की सुविधा के लिए शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। शिविर भिलाई शहर में प्रतिदिन अलग-अलग वार्डो के चिन्हित स्थानों पर लगाया जा रहा है। शहर के जिन नागरिको का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे नागरिक शिविर स्थल पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। शासन से प्राप्त सुविधा के अनुसार 50 हजार तक का इलाज सामान्य वर्ग के लिए, 5 लाख तक का इलाज बीपीएल परिवार के लिए, 70 साल से अधिक उम्र के व्यक्ति के लिए भी 5 लाख तक का इलाज की सुविधा आयुष्मान कार्ड पर मिल रहा है। निगम के सभी जोन में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो इनके कार्य की मॉनिटरिंग करेगे। इसके लिए जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में अजय सिंह राजपूत, जोन क्रमांक 2 वैशालीनगर में येशा लहरे, जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में सतीश यादव, जोन क्रमांक 5 सेक्टर 6 में जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

#### निगम क्षेत्र के इन जगहों पर लगेगा शिविर

22 एवं 23 अक्टूबर को वार्ड 06 प्रियदर्शिनी परिसर शीतला मंदिर संजय नगर, वार्ड 21 कैलाश नगर पार्षद कार्यालय व सुलभ शौचालय के पास, वार्ड 35 शारदा पारा पार्षद कार्यालय जनता स्कूल के पास, वार्ड 43 बापू नगर अम्बेडकर भवन, वार्ड 62 सेक्टर 06 मध्य सड़क 34 के बीच डोम शेड। 24 एवं 25 अक्टूबर को वार्ड 07 राधिका नगर सियान सदन, वार्ड 22 कुरूद सांस्कृतिक भवन बाजार चैंक व दुर्गा पंडाल प्रगति नगर, वार्ड 36 श्याम नगर सूर्या नगर सतनाम भवन व अहमत नगर आंगनबाड़ी केन्द्र, वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर जलाराम मंदिर प्रांगण, वार्ड 63 सेक्टर 06 पश्चिम सड़क 55 तेलगुपारा व सड़क 65 दुर्गा मंच। 28 एवं 29 अक्टूबर को वार्ड 08 कृष्णा नगर राधाकृष्ण मंदिर व बजरंग चैंक वार्ड कार्यालय, वार्ड 23 घासीदास नगर दुर्गा मंच व कर्मा मंच, वार्ड 37 संत रविदास नगर पार्षद कार्यालय के पास, वार्ड 45 बालाजी नगर सामुदायिक भवन सांई मंदिर परिसार, वार्ड 64 सिविक सेंटर सेक्टर 10 सड़क 17 पार्षद कार्यालय के पास।

### पारिवारिक कारण से महापौर पाल ने सौंपी परिषद की जिम्मेदारी

# महापौर परिषद के कार्यों को संभालेंगे सीजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ निगम आयुक्त बजरंग दुबे से मिलकर एमआईसी सदस्यों ने दी जानकारी

■ विभिन्न मुद्दों पर सीजू ने की चर्चा



नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल पारिवारिक कारणों से महापौर का कार्य सुचारू रूप से संपादित नहीं कर पा रहे है। बहुत से ऐसे कार्य है, जिसको महापौर परिषद के माध्यम से समय अवधि में संपादित किया जाना आवश्यक होता है। इसको देखते हुए महापौर नीरज पाल अपने जगह पर एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी को अपने दायित्व को संपादित करने के लिए महापौर के रूप में दायित्व सौंपा है। मंगलवार को एमआईसी के सदस्यगण एवं सत्ता पक्ष के पार्षदगण संयुक्त रूप से जाकर आयुक्त बजरंग दुबे को इस संबंध में जानकारी दी। चर्चा के दौरान महापौर सीजू एन्थोनी द्वारा आयुक्त से विभिन्न मुददो पर चर्चा किया गया। विशेष करके मदर्स मार्केट को लेकर जहां पर अन्य किसी प्रकार की दुकान नहीं खोलने की मांग रखी।

इसी तारतम्य मे दिवाली एवं छठ पर्व को देखते हुए नगर की स्ट्रीट लाईट एवं बाजारों की लाईट व्यवस्था सुदृढ़ करने को कहा। इसके साथ ही सभी तालाबों की साफ-सफाई, बाजारों की पार्किंग व्यवस्था, जोन-03 में जोन आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में भी पार्षदों द्वारा चर्चा किया गया। साथ में निगम के रूटीन कार्यों को शीघ्रता से संपादित करने हेतु भी कहा गया। आयुक्त दुबे द्वारा सभी मुददो पर चर्चा के बाद आश्वासन दिया गया कि सभी मुद्दों पर उचित कार्यवाही की जाएगी। सभी जोन आयुक्तो को पूर्व में ही उक्त कार्यो हेतु निर्देशित कर दिया है।

आयुक्त से चर्चा के दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, एकांश बंछोर, केशव चौबे, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गंवई, लालचंद वर्मा, नेहा साहू, मालती ठाकुर, जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या, राजेश चौधरी, पार्षद अभिषेक मिश्रा, उमेश साहू, सेवन कुमार, के.जगदीश, सुरे आदि मौजूद रहे।







हरिभूमि

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

# न्याय योजना में आदान राशि पर 120 दिनों में फैसला लेने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पिछले वर्ष 2022-23 में कांग्रेस की सरकार द्वारा लागू किए गए न्याय योजना के तहत चौथी किस्त का भुगतान नही किए जाने के मामले में होईकोर्ट ने राज्य शासन को तीस दिन के अंदर प्रकरण में फैसला लेने तलब किया है, वही 120 दिन के अंदर प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रगतिशील किसान संगठन के याचिका पर कोर्ट ने राज्य शासन से जवाब मांगे हैं।

पूर्व की बघेल सरकार ने राजीव गांधी किसान योजना के अंतर्गत प्रति एकड़ 9 हजार रुपए आदान राशि प्रदान करने का निर्णय लिया था। पूर्व की सरकार ने खरीफ वर्ष 2022-23 के लिए तीन किश्तों में आदान राशि का भुगतान कर दिया था। इसके पहले कि किसानों को 4 थी किश्त की राशि मिले, इसी बीच राज्य में सत्ता परिवर्तन हो गया।

वर्तमान सरकार ने चौथे किश्त की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है। वर्तमान सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जगह खरीफ वर्ष 2023-24 के लिए कृषक उन्नति योजना लागू की गई। लेकिन वर्ष 2022-23 का बकाया चौथी किस्त का भुगतान नई सरकार ने भी नही किया। इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के राजकुमार गुप्त ने 4 मार्च 2024 को और बाद में 12 अगस्त 24 को राज्य सरकार के कृषि सचिव, मुख्य सचिव, कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किसानों में भेद-भाव करने वाले कृषक उन्नति योजना पर विचार करके सभी किसानों को आदान राशि प्रदान करने और राजीव गांधी किसान न्याय योजना में बकाया आदान राशि का भुगतान करने का निवेदन किया था। लेकिन राज्य सरकार ने दोनों पत्रों पर कोई कार्यवाही नहीं किया। इस पर राजकुमार गुप्त ने अधिवक्ता अश्विन पणिकर और शाल्विक तिवारी के माध्यम से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर करके आवेदक के पत्रों पर कार्यवाही करने के लिए शासन को निर्देश देने का निवेदन किया था।

## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को दिए निर्देश

### मांगा गया 120 दिन के अंदर जवाब

माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के एकल पीठ जस्टिस राजपूत के कोर्ट ने आज याचिका क्रमांक **WPC**/5294/24 का निराकरण करते हुए याचिकाकर्ता को 30 दिन में शासन को पुनः रिप्रेजेंटेशन करने और राज्य शासन को 120 दिन के अंदर उसका निराकरण करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता ने बताया कि, राज्य शासन से कोर्ट जाने से पहले पत्राचार किया गया था।



### इस बार भी कोई जिक्र नहीं

इस साल 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए सिर्फ केन्द्र द्वारा निर्धारित राशि का उल्लेख किया गया है। राज्य शासन द्वारा प्रति क्विंटल 31 सौ रूपए और किस तरह भुगतान किया जाएगा। इसका उल्लेख धान खरीदी नीति आदेश में कही पर भी नही किया गया है। हांलाकि धान खरीदी आगामी 14 नवंबर से शुरू होगी।

खबर संक्षेप

### बीएलओ कार्य के संपादन में लापरवाही, निलंबित

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए जय कुमार साहू भृत्य शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रामनगर सुपेला मिलाई को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। ज्ञात हो कि जय कुमार साहू भृत्य शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रामनगर सुपेला मिलाई एवं बीएलओ मतदान केन्द्र क्रमांक 87 विधानसभा 66 वैशाली नगर द्वारा बीएलओ कार्य के संपादन में कोताही बरतने पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 66 वैशाली नगर द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के परिपेक्ष्य में संतोषप्रद जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अलावा संबंधित अधिकारी से अनुचित वाद-विवाद तथा महत्वपूर्ण निर्वाचन आदेश की अवहेलना की गई। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुर्ग रहेगा। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### नगर निगम की सामान्य सभा 25 को

**दुर्ग।** नगर निगम के सभापति राजेश यादव ने सामान्य सभा की बैठक 25 अक्टूबर शुक्रवार को बुलाई है। बता दे कि सामान्य सभा की बैठक 30 सितंबर को आयोजित की गई थी जिसे अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेश तक स्थगित किया गया था। अब सामान्य सभा 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से नगर पालिक निगम स्थित मोतीलाल वोरा सभागार भवन में आयोजित की जावेगी। दीपावली के पहले 25 अक्टूबर कोसामान्य सभा होगी।

### सहा. पशु चिकित्सा अधिकारी संघ का चुनाव संपन्न

**दुर्ग।** सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष का चुनाव हुआ। मुख्य निर्वाचन संभाग अधिकारी राजेश चटर्जी, निर्वाचन अधिकारी विजय लहरे, प्रदेश अध्यक्ष ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ संयोजक कर्मचारी अधिकारी द्वारा नियुक्त सहायक निर्वाचन अधिकारी भानु प्रताप यादव को बनाया गया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव संपन्न करा कर गिनती का कार्य करते हुए मतपत्र लेखा तैयार कर मुख्य निर्वाचन अधिकारी और रायपुर को भेजा गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा विजय प्रत्याशी की घोषणा की गई।

### दावा आपत्ति की अंतिम तिथि अब 30 तक

**दुर्ग।** छग राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों के परिपालन में नगर पालिकाओं के आम उप निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण अंतर्गत दावा आपत्तियों प्राप्ति की अंतिम तिथि पूर्व में 23 अक्टूबर निर्धारित की गई थी। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व निर्धारित तिथि में आंशिक संशोधन कर दावा आपत्तियों के प्राप्ति की अंतिम तिथि एक सप्ताह की वृद्धि करते हुए 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

### शिविर स्थगित

**दुर्ग।** जिले के विकासखण्ड दुर्ग के अंतर्गत ग्राम पुरई में 23 अक्टूबर को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। शिविर की आगामी तिथि पृथक से घोषित की जाएगी।

### मृतक के परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 24 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिसाली सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग निवासी विवेक कुमार की 24 अक्टूबर 2023 को पानी में डूबने से, वार्ड 14 भाठापारा कुरूद थाना जामुल जिला निवासी खम्मनलाल निषाद की विगत 29 अक्टूबर 2023 को जलने से, ग्राम पथरिया तहसील अहिवारा जिला दुर्ग निवासी संजू ठाकुर की भी विगत 30 अगस्त 2023 को खदान के पानी में डूबने से, ग्राम अहिवारा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग निवासी हेमा जोशी की विगत 15 मई 2018 को आग से जलने से, कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप मृतक के वारिसानों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## निरीक्षण : औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई, पर्व के बीच जांच शुरु

# दर्जनभर संस्थानों में दबिश, जांच करने प्रयोगशाला भेजे गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पर्व के बीच एक बार फिर औषधि प्रशासन विभाग द्वारा संस्थानों में जांच का दावा किया जा रहा है। अक्टूबर माह में लिए गए सैंपलों की जांच के लिए प्रयोगशाला भी भेजा गया है। विभाग का कहना हैं कि, विभाग द्वारा पर्व को ध्यान में रखते हुए लगातार प्रतिष्ठानों की जांच व सैंपल लेने की कार्यवाही की जा रही है।

हांलाकि अब तक लिए गए सैंपलों की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नही की गई हैं। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले भी औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लिए गए सैंपलों की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नही की गई है। पर्व के बीच एक बार फिर विभाग ने दर्जनभर से अधिक प्रतिष्ठानों में दबिश दिए जाने की खबर जारी की गई है। आगामी दिनों दीवाली पर्व है, इस बीच बाहर से खेवा की बडी खेप शहर पहुंच रही हैं।

सूत्रो ने बताया कि, महाराष्ट्र से रोजाना रेलमार्ग के जरिए खोवा का खेप पहुंच रहा है। खबर यह भी हैं कि, काजू कतली के नाम पर मूंगफल्ली तक का उपयोग किया जा रहा है। बहरहाल औषधि प्रशासन का दावा है कि, उनके द्वारा जांच हो रही हैं।

**अक्टूबर माह में लिए गए सैंपलों की रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई**



### इन संस्थानों से लिए गए सैंपल

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा माह अक्टूबर 2024 में मेसर्स शुभम के मार्ट उतई से बाम्बे हलवा व रसगुल्ला, कपूर बेकरी पोलसायपारा से पाव ब्रेड, ब्लू बेवरेजेस अम्लेश्वर, अमर बेवरेजेस भिलाई व शिव भक्ति बेवरेजेस कैलाश नगर से पनी पाउच, शंकर डेयरी से खोवा एवं पनीर, समीर डेयरी से घी, सखी आनंदम महका से गेड नूडल्स, श्रीराज स्वीट्स दुर्ग से मिनी पेड़ा व बेसन लड्डू का नमूना संकलन कर (कुल 14 नमूना) आज 22 अक्टूबर को जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित की गई है।

### सालों से सैंपलों की रिपोर्ट नहीं मिली

औषधि प्रशासन विभाग द्वारा हर साल पर्व के बीच जांच के नाम पर सैंपल लिए जाते है। लेकिन रिपोर्ट सार्वजनिक नही किए जाने के चलते आम लोगों को खाद्य पदार्थो में मिलावट होने की जानकारी नही मिल पाती है। इससे पहले भी औषधि प्रशासन द्वारा अभियान चलाने का दावा कर ठेले व खोमचे से सैंपल लिए गए थे। इस दौरान कई बडे प्रतिष्ठान भी शामिल थे। दुर्ग शहर में ही 45 से अधिक सैंपल लिए गए थे। इसकी जांच रिपोर्ट सामने नही आ पाई हैं।

### कार्रवाई हो रही

त्यौहारी सीजन को देखते हुए जिले में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरंतर निरीक्षण कर नमूना संकलन एवं जांच की कार्यवाही की जा रही है।
**-डां मनोज दानी,** पदेन, उप संचालक औषधि प्रशासन विभाग

# मुरमुंदा और देवकर की जांच रिपोर्ट कलेक्टर को नहीं सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के देवकर और मुरमुंदा शाखा में करीब 19 लाख रूपए होम लोन गडबडी मामले में सीईओ द्वारा दोषियों को आरोप पत्र जारी किया गया था। जिसका जवाब आने के बाद भी रिपोर्ट कलेक्टर को तलब नही किया गया हैं। ऐसे में बैंक की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल उठ रहे है।

■ कलेक्टर के निर्देश पर सीईओ ने जारी किए है आरोप पत्र

उल्लेखनीय है कि, हरिभूमि द्वारा विगत 28 जुलाई के अंक में बेमेतरा के देवकर और दुर्ग के मुरमुंदा ब्रांच में करीब 19 लाख रूपए की गडबडी की खबर प्रकाशित की गई थी। इस खबर के बाद सीईओ श्रीकांत चंद्राकर द्वारा पूर्व में किए गए जांच अनुसार दोषी ब्रांच मैनेजरों को एक बार फिर आरोप पत्र जारी किया गया था। जुलाई माह में आरोप पत्र जारी किए जाने के बाद कई दिनों से रिपोर्ट भी आ चुकी है। जिसे कलेक्टर को भेजा जाना है। लेकिन सीईओ द्वारा जांच रिपोर्ट कलेक्टर को तलब नही की गई है। जबकि वर्तमान में जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक की प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी हैं। इस गडबडी की जांच उनके निर्देश पर कराई जा रही हैं। लेकिन जुलाई के बाद चार माह बीतने को है और मामले में कोई कार्यवाही नही की गई हैं।




### नए सिरे से जांच, लेकिन पूरी नहीं

देवकर और मुंरमुद्रा ब्रांच में पूर्व में जांच हो चुकी है और दोष भी तय कर दिया गया है। लेकिन इसके बाद भी वर्तमान सीईओ श्रीकांत चंद्राकर द्वारा फिर से जांच कराई गई है। लेकिन कार्यवाही करने के बजाय मामले को दबा दिया गया हैं। जानकारी अनुसार देवकर शाखा में 11 लाख रूपए का घोटाला कर बैंक को नुकसान पहुंचा गया है। तत्कालीन शाखा प्रबंधक राकेश सैनिक द्वारा किया गया था। जिन्हें दोषी बताया गया है, जो वर्तमान में नगपुरा में शाखा प्रबंधक है। इसी तरह शाखा मुरमुंदा में भी आठ लाख राशि ढकार कर खाता को एनपीए किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक राजेश शर्मा को खाता एनपीए होने पर दोषी बताया गया है, जो वर्तमान में बोरसी शाखा प्रबंधक है।

### बानी सोनी ने किया पदभार ग्रहण

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं दुर्ग जिला के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर दुर्ग जिलाधीश सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा शालेय शिक्षा विभाग हेतु गठित जिला स्तरीय लैंगिक उत्पीड़न (निवारण एवं प्रतितोष) समिति की प्रमुख के रूप में बानी सोनी ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर डीईओ अरविंद मिश्रा व समिति की शासकीय नोडल अधिकारी गौरा शुक्ला एवं शिक्षा अधिकारी शिवम कटारे व सहायक सांख्यिकी अधिकारी अमित घोष ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सोनी का स्वागत किया। इस अवसर जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये एवं राजेश राजपूत विशेष रूप से उपस्थित थे। यह समिति दुर्ग जिला के शालेय शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं व बालिकाओं के लिए सुगम व स्वस्थ वातावरण व उनके संरक्षण का कार्य करेगी तथा उत्पीड़न के मामलों की रोकथाम करेगी।

## शिकायत पर नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण, सख्त कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक वार्ड 21 के मोहल्लेवासी की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जेसीबी की मदद से सड़क क्षेत्र से रेम्प को हटाया गया।

बता दे कि वार्ड क्रमांक 21 अमृतपाल सिंह द्वारा सड़क क्षेत्र में अतिक्रमण कर रेम्प बनाकर रखा था। इसे लेकर वार्ड के नागरिकों द्वारा निगम में शिकायत की गई थी। जिसके बाद आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर नगर निगम भवन अधिकारी गिरीश दीवान के मार्गदर्शन, भवन निरीक्षक विनोद मांझी, प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी योगेश सूरे ने अमला के साथ अतिक्रमण स्थल पर पहुंचकर अवैध रूप से अतिक्रमण कर सड़क पर पक्की सीमेंटी से रेम्प बनाकर सड़क बाधित किया था। जिससे आवाजाही बाधित हो रही है। जिसके कारण मार्ग अवरोध एवं जाम लगने की संभावना थी। साथ ही दुर्घटनाओं का भी कारण बन सकता था। जिसे हटाया गया। कार्रवाही के दौरान अधिकारी द्वारा अतिक्रमणकर्ता को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमण करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाही की जाएगी।

■ मोहल्लेवासियों ने निगम आयुक्त से की थी शिकायत



कार्रवाही के मौके अतिक्रमणकर्ता द्वारा विरोध का प्रयास किया गया। लेकिन निगम की सख्ती एवं पुलिस बल के सामने उनकी एक नहीं चली। कार्रवाही के मौके तोड़ू दस्ता मौजूद रहे।

## ग्राम कोकड़ी में लगाया स्वास्थ्य शिविर विधायक ने किया डॉक्टरों का सम्मान



**दुर्ग।** श्री सत्य साई सेवा समिति के सेवा और रचनात्मक कार्य के अंतर्गत ग्राम कोकड़ी के प्राथमिक शाला में स्वास्थ परिक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर आयोजित हुआ। शिविर में जिला चिकित्सालय के आईसीयू इंचार्ज डॉ अनिल विवेक सिन्हा, ईएनटी विभाग के डॉ अविनाश गुप्ता द्वारा सेवा दी गई। शिविर में आर्युवेदिक विभाग की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ हिशिकर द्वारा 40 महिलाएं एवं की जांच की गई। डॉ स्वेता साहू दंत चिकित्सक द्वारा 10 रोगियों को लाभान्वित किया। विकास खंड दुर्ग निकुम के स्वास्थ कर्मी हेमपुष्पा साहू, विप्लव हालदार, धनेश्वरी साहू, पार्वती निषाद ,दिनेश कुमार पाटील, मीनाक्षी, श्याममूर्ति द्वारा चिकित्सा सेवा दी गई। सिकलिन मरीज, रक्तचाप रोगी, शुगर रोग से प्रभावित, सर्दी खांसी रोगियों ने शिविर का लाभ लिया। जिला अस्पताल के नेत्र रोग विभाग के नेत्र सहायक अधिकारी अजय नायक और पूर्व नेत्र अधिकारी अरुण सिंह व सहायक गुलशन देशमुख, विनय सिंह और आशीष कुमार द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित रोगियों कि सेवा की गई। जिसमे25 चिन्हित कर मार्गदर्शन दिया गया। शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। उन्होंने चिकित्सकों को सम्मान के रूप में पौधा का गमला प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री सत्य साई सेवा समिति के जिला संयोजक संदीप नायडू, आरके तिवारी, हरिश्चंद्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर, सौरभ पाण्डेय, सुशीला साहू, दुर्गेश, नंदिनी, अरुणेश श्रीवास्तव, रंगदामन, गौरव सिंह, देवकुमार, सीताराम ठाकुर, राजू सोनी आदि मौजूद थे।

# उरला आईएचएसडीपी के निरस्त होंगे डेढ़ हजार से अधिक आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

उरला में निर्मित आईएचएसडीपी के डेढ हजार से अधिक आवास निरस्त किये जाने की कार्यवाही निगम द्वारा की जा रही है। पिछले लंबे सयम से आबंटन के बाद भी प्रीमियम राशि जमा नही करने वाले लोगों की सूची निगम द्वारा चस्पा कर दी गई हैं। जिनसे पन्द्रह दिन के अंदर जवाब मांगा गया हैं। जवाब नही मिलने पर निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।उरला में निर्मित आईएचएसडीपी आवास उक्त आवास आबंटन धारी जिसको बार बार सूचना दिये जाने के पश्चात भी अपने आबंटित आवास का प्रीमियम किश्त राशि आज दिनांक तक जमा नही किया गया। निरस्त की सूची में लगभग 1638 हितग्राहियों के नाम चस्पा किया गया हैं।

■ पन्द्रह दिन के अंदर मांगे गए जवाब, आगे होगी कार्यवाही



### लौहारीडीह कांड के खिलाफ एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**दुर्ग।** कवर्धा विधानसभा के लौहारीडीह कांड के खिलाफ हिन्दी भवन के सामने दुर्ग एनएसयूआई के तत्वधान में प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू साहू के नेतृत्व में राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन कर पीड़ति परिवार के किसी एक सदस्यों को न्याय दिलाने और सही तरीके से जांच कर कड़ी कार्यवाही करने की आवाज उठा कर मांग की। मृतक प्रशांत साहू के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी मुआवजा राशि देकर पीड़ति परिवार दोषी प्रशासनिक लोगों के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने आमरण अनशन पर बैठकर लौहारीडीह कांड के खिलाफ आक्रोश जताया। इस दौरान वरिष्ठ प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व एलडरमैन रत्ना नामदेव, अल्ताफ अहमद, युवा प्रकोष्ठ साहू संघ के संयोजक मुकेश साहू,फतेह सिंग भाटिया, पार्षद श्रद्धा सोनी, जयंत देशमुख सहित अन्य थे।

# जलकुंभी की सफाई करने निगम खरीदेगा पोंड मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिवनाथ नदी के पास इंटकवेल में कचरा फंसने से पेयजल बाधित होने की समस्या नहीं होगी, जल्द ही पोंड मशीन से जलकुम्भी की सफाई की जाएगी।

■ मशीन खरीदने निगम खर्च करेगा डेढ करोड रूपए

शहर विधायक गजेंद्र यादव के अथक प्रयास से शासन ने दुर्ग निगम को मशीन खरीदने अनुमति दे दी है। आधुनिक मशीन के आने से नदी तालाब के ऊपरी सतह पर सभी प्रकार के खरपतवार को आसानी से निकाला जा सकेगा। ऐसी मशीन का प्रयोग जम्मू में डल झील और हैदराबाद के हुसैन सागर जैसे नदियों में पानी को साफ रखने खरपतवार निकालने के लिए उपयोग में लाया जाता है। गौरतलब है कि, इंटकवेल के पास साईफेन में जलकुम्भी फंसने से पंपहाउस से शहरवासियों को पेयजल आपूर्ति बाधित होती है। शहर की इस बड़ी समस्या से जनता को निजात दिलाने विधायक गजेंद्र यादव की मांग पर दुर्ग निगम को एक्यूटिक विड हार्वेस्टर मशीन खरीदने शासन को भेजे गए प्रस्ताव पर मंजूरी मिल गई हैं। शासन ने लगभग डेढ़ करोड़ की मशीन खरीदने अनुमति दे दी है। यह प्रदेश का पहला पोंड क्लीनर मशीन होगा।



# राज्यपाल विधायक निवास पहुंचे कार्यकर्ताओं से भी की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रदेश के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका आज दुर्ग प्रवास के दौरान विधायक गजेंद्र यादव के निज निवास पहुँचे और परिवारजनों व भाजपा कार्यकर्त्ताओं से मुलाकात किये। शहर के विकास को लेकर उन्होने विधायक से जानकारी ली। जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण में दुर्ग प्रवास पर आए राज्यपाल रमेन डेका दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव के विद्युत नगर स्थित निवास पहुँचे। पहली बार राज्यपाल के आगमन पर विधायक श्री यादव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनन्दन किये। राज्यपाल ने स्वलपाहार में लिए छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला की प्रसंशा की। विधायक श्री यादव ने दुर्ग विधानसभा में विकास कार्यों और संचालित योजनाओं को लेकर जानकारी दी। वही उन्होने राज्यपाल से मार्गदर्शन प्राप्त किये। विगत 8 माह में जनता के मांग अनुरूप शहर में विकास कार्यों की स्वीकृति कराने पर शुभकामनायें दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विनायक नातू, अशोक राठी, पार्षद मनीष साहू, शशि बाई साहू, गुलाब वर्मा, हेमा शर्मा, राकेश भारती साहू, शिवेंद्र परिहार, चमेली साहू, नरेंद्र बंजारे, दिनेश देवांगन, अजीत वैद्य, चंद्रशेखर चंद्राकर, खिलावन मटियारा, देवनारायण चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, नरेश तेजवानी, गुड्डू यादव, ओमप्रकाश सेन, कार्यकर्त्ता साजन जोसफ आदि मौजूद थे।

■ शहर विकास की विधायक से ली जानकारी



# पाटन व धमधा ब्लॉक के पंचायतों में बनेगा डोमशेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक पाटन एवं धमधा के ग्राम पंचायतों में डोम शेड एवं कक्ष निर्माण के लिए 40 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन विकासखण्ड धमधा में क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा एवं विकासखण्ड पाटन में क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड धमधा के ग्राम पंचायत सेमरिया में डोम शेड निर्माण हेतु 20 लाख रूपए एवं ग्राम पंचायत नंदिनी खुंदिनी में डोम शेड निर्माण हेतु 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की गई है। इसी प्रकार विकासखण्ड पाटन के नगर पालिका निगम भिलाई 03 चरोदा अंतर्गत वार्ड 32 देवबलोदा में शास उच्चतर माध्यमिक शाला में 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

■ मिली 40 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

## खबर संक्षेप




### खिलाड़ियों ने जीता दो गोल्ड व एक सिल्वर मेडल

**अंडा।** ग्राम तिलखैरी के खिलाड़ियों ने जीता दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल राज्य स्तरीय मुक्केबाजी बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो रायपुर में आयोजित था जिसमें तिलखैरी के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। इसमें काव्या साहू पिता होमलेश्वर प्रसाद साहू गोल्ड मेडल, वीना साहू सिल्वर मेडल, नवीन कुमार साहू पिता भीषम सिंह साहू, कोच व्योम शंकर चंद्राकर, हरीश कुमार, निर्देशक तेजेंद्र हिरवानी, योगेंद्र यादव उपस्थित थे।

## निधन

### गणेश राम नायक



**भिलाई।** आशीष नगर निवासी गणेशराम नायक (78 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम रवेलीडीह (ननकठ्ठी) में किया गया। वे मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के उपाध्यक्ष चुनेश्वर नायक और लुकेश नायक के पिता थे। सांसद प्रतिनिधि प्रेम लाल नायक के चाचा, दुर्ग राजप्रधान ईश्वरी वर्मा के जीजा थे।

## कार्यक्रम : उल्लास साक्षरता केंद्र का उद्घाटन व शिक्षक सम्मान समारोह

# शिक्षा व साक्षरता के नव प्रयास से ज्ञान का दीप जलाने का सराहनीय कदमः ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम निकुम में उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र का उद्घाटन एवं शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां ज्ञानदायिनी सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया। उल्लास नव भारत साक्षर केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर इस महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया गया।

साथ ही ग्राम पंचायत के तत्वावधान में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह शामिल होकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम निकुम के स्कूल, कॉलेज में पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों का शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर विधायक ललित ने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र का शुभारंभ किया गया निश्चित रूप से इसके शुभारंभ होने से क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा और साक्षरता की ओर एक कदम आगे बढ़ेगा।

शिक्षा और साक्षरता के इस नव प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र में ज्ञान का दीप जलाने का यह सराहनीय कदम है। उल्लास नवभारत कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले उन सभी के लिए पढने लिखने के अवसर उपलब्ध कराना है, जो किन्हीं कारणों से साक्षरता और संख्या ज्ञान अर्जित नहीं कर पाए। इस संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं के क्रियान्वयन के लिए 1 अप्रैल 2022 से भारत सरकार द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जिसका लोकप्रिय नाम उल्लास है, प्रारंभ किया गया है। जिसमें प्रौढ़ शिक्षा के सभी पक्ष शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा का विकास है।

### शिक्षकों का शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान




### समाज में शिक्षा के समान ही शिक्षक का भी स्थान महत्वपूर्ण

आगे श्री चंद्राकर ने कहा कि समाज में शिक्षा के समान ही शिक्षक का भी स्थान महत्वपूर्ण होता है। शिक्षा का कार्य शिक्षक के अभाव में संपन्न नहीं हो सकता। पुस्तकें सूचनाओं और संदेश दे सकती हैं किन्तु संदर्भों की समायोजित तार्किक व्याख्या शिक्षक ही कर सकती है शिक्षार्थी के पूर्व ज्ञान और समर्थ को समझकर उसके लिए शिक्षित बनाना शिक्षक के ही वश की बात है। इसलिए समाज में उसका स्थान महत्वपूर्ण है और भावी पीढ़ी का निर्माता निर्देशक होने के कारण अन्य समाजसेवियों की तुलना में अति विशिष्ट है।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर सरपंच मुक्ति सुधाकर, अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, महामंत्री पुराण देशमुख, युवा मोर्चा अध्यक्ष लीलेश्वर देशमुख, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भैया लाल साहू, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय डीके शैलेंद्र, संकुल प्राचार्य एके पाण्डे, संकुल समन्वयक संजय चंद्राकर, युवराज बेलचंदन प्रधान पाठक, पूर्णिमा चंद्राकर प्रधान पाठक, टी. इस्दा, केशव कोर्राम, माधव देशमुख, चिमन देशमुख, पंचराम देशमुख,भैया लाल देशमुख, वेदप्रकाश देशमुख, मुन्ना देशमुख, ढलसी देशमुख, लोकेश साहू, पवन देवांगन, भूपेंद्र सोनी, यवनेश देशमुख, पूजा सोढा, वेद प्रकाश ठाकुर, ओमकार प्रसाद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### पाटन कॉलेज में राजनीति विज्ञान परिषद उद्घाटित



**पाटन।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में राजनीति विज्ञान विभाग में परिषद उद्घाटन, पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व अतिथि व्याख्यान का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता व मुख्य अतिथि अमृतेष शुक्ला सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, इंदिरा गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई व कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर की गई, तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों को विभागाध्यक्ष जितेन्द्र मंडावी द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। उद्बोधन की कड़ी में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मंडावी द्वारा सत्र 2024-25 में आयोजित होने वाले गतिविधियों एवं कार्यक्रमों से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ शोभा श्रीवास्तव द्वारा राजनीति विज्ञान परिषद के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा कर परिषद का उद्घाटन किये। राजनीति विज्ञान परिषद के अध्यक्ष योगिता पटेल एमए तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष आकाश भट्ट एमए प्रथम सेमेस्टर, सचिव अल्का चंद्राकर एमए तृतीय सेमेस्टर, सहसचिव अंजू चंद्राकर एमए प्रथम सेमेस्टर बने और कार्यकारिणी सदस्य इशारानी, विकास कुमार, देहुति, रोहन कुमार, हितेश कुमार, धनेश्वरी बने।

### राज्यपाल रमेन से की सौजन्य मुलाकात



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के भिलाई प्रवास के दौरान नगर पालिका निगम के महापौर नीरज पाल की अनुपस्थिति में राजस्व प्रभारी सीजू एन्थोनी एवं स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मी पति राजू ने भिलाई नगर निगम का प्रतिनिधित्व किया तथा सिविक सेंटर स्थित महात्मा गाँधी सभागार में सौजन्य भेट की एवं आत्मीय स्वागत किया।

### सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर करवा चौथ मनाया



**सेलूद।** सेलूद ग्रामीण क्षेत्र में करवाचौथ पर्व पर हर्षोल्लास का वातावरण दिखाई दिया। कार्तिक मास के चतुर्थी तिथि के अवसर पर सभी सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग की लंबी आयु व कुंवारी युवतियों ने सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए दिनभर करवाचौथ का व्रत रखकर शाम को विधिवत पूजा अर्चना की और रात में बादलों के बीच छिपे चंद्रदेव के दर्शन कर जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया। रविवार की सुबह ही करवा चौथ की खरीदी करने बाजार में भी काफी भीड़ देखने को मिली। ग्रामीण क्षेत्र में सुबह सुहागिन महिलाओं ने सरगी ग्रहण कर एक दिवसीय निर्जला व्रत की शुरुआत की दिनभर व्रत कर शाम को सोलह श्रृंगार कर सभी महिलाएं अपने समूहों के साथ बैठकर पूजा अर्चना की। इससे पहले करवा माता की कथा भी महिलाओं ने सुनी।

### उतई कॉलेज में शहीद तरूण को श्रद्धांजलि अर्पित की



**उतई।** शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई में अंचल के शहीद तरुण देशमुख को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ग्राम खोपली के गौरव महाविद्यालय के होनहार भूतपूर्व छात्र शहीद तरुण देशमुख ने अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए भारत माता की गोद में अपने आप को न्योछावर कर दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश पांडे के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ उप्राध्यापक डॉ ए ए खान ने उनके छात्र जीवन के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। सीजी गर्ल्स बटालियन रायपुर के मेडिकल इंचार्ज फौजी साथी पंडित ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स से आह्वान किया कि शहीदों के पीछे उनके पारिवारिक जिम्मेदारियां को भी हमें समझने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन डॉक्टर अनुसूईया जोगी ने किया। अंडर ऑफिसर लोमिता चंद्राकर ने इस अवसर पर शहीद तरुण देशमुख के योगदान को अपने शब्दों में व्यक्त किया।

## बिजनेस साइट

### नरेश टीवीएस में त्योहारी सीजन पर ऑफरों की बौछार




**भिलाई।** रिसाली कृष्णा टॉकीज रोड में स्थित नरेश टीवीएस जो कि टीवीएस कंपनी का एकमात्र अधिकृत विक्रेता है। यहां दिपावली के त्योहारी सीजन पर उपहारों एवं ऑफर की धूम मची हुई है जिसे लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। नरेश टीवीएस के संचालक हिमांशु ने बताया कि हमारे यहां घूमो दुनिया ऑफर के तहत लक्की ड्रा के द्वारा इंटरनेशनल टूर जिसमें बाली, वियतनाम, कंबोडिया जैसे विदेशों की यात्रा निःशुल्क कराने की व्यवस्था है। इसके अलावा हर खरीदी पर निश्चित उपहार प्राप्त करने का ऑफर दिया जा रहा है। जिसमें स्क्रेच करने पर 6 हजार मूल्य तक के गिफ्ट पाने का सुनहरा अवसर ग्राहकों को दिया जा रहा है। कोई भी वाहन खरीदने पर हेलमेट फ्री दिया जा रहा है और एक्सटेंडेड इलेक्ट्रीकल वारंटी एक साल का अतिरिक्त दिया जा रहा है साथ में पेट्रोल फ्री दिया जाएगा। नरेश टीवीएस में सर्विसिंग की सुविधा उपलब्ध है। यहां नई टीवीएस जूपिटर 110, टीवीएस एनटार्क, राइडर स्पोर्टस, अपाचे, टीवीएस एक्सल 100, इलेक्ट्रीक आइक्यूब आसान किस्तों पर कम डाउन पेमेंट पर बैंक द्वारा फाइनेंस करने की सुविधा उपलब्ध है। ग्राहकों से अपील की गई है कि एक बार नरेश टीवीएस में आकर अवश्य देखें।

### 'दुल्हे साहब' में मेन्स वियर के लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध



**दुर्ग।** नवरात्रि के त्योहार के साथ ही आने वाले दीपावली और वैवाहिक अवसरों के लिए दूल्हे साहब में मेन्स वियर का शानदार और लेटेस्ट कलेक्शन खरीदारी के लिए उपलब्ध है। शादी, पार्टी, सहित ऑफिस वियर, कुर्ता-पायजामा और अन्य सभी अवसरों पर खरीदारी के लिए दुर्ग, रायपुर और राजनांदगांव स्थित मेन्स वियर का प्रसिद्ध शो रुम 'दुल्हे साहब' युवाओं की पहली पसंद बन चुका है। यहां युवाओं के लिए शेरवानी, कोट सूट, कुर्ता-पायजामा, इंडो वेस्टर्न, जोधपुरी, ब्लेजर, कैजुअल, फॉर्मल और इंडो वेस्टर्न कपड़ों की विशाल रेंज उपलब्ध है। सभी शो रुम में बजट और पसंद के अनुरूप मिलने वाले परिधानों को लगातार शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि 'दुल्हे साहब' दुर्ग-भिलाई के साथ ही रायपुर और राजनांदगांव में भी एक प्रसिद्ध और लोगों का चहेता शोरूम बन चुका है। ग्राहकों को 'दूल्हे साहब' के शोरूम पर पसंद के अनुसार सैंकड़ो वेडिंग कलेक्शन मिलते हैं जिसमें से युवा अपनी पसंद व बजट के अनुरूप परिधान खरीद सकते हैं। वर्तमान में 'दुल्हे साहब' से संबंधित प्रतिष्ठान मेन रोड कपड़ा मार्केट पंडरी रायपुर, महालक्ष्मी मार्केट पुलगांव, दुर्ग और जयस्तंभ चौक राजनांदगांव के शो रूम में शादी तथा पार्टी के लिए अच्छी गुणवत्ता तथा लेटेस्ट ट्रेंड के अनुसार कपड़े खरीदे जा सकते हैं। ग्राहकों की सुविधा के लिए संस्थान रविवार को भी खुला रहेगा।

### 'सत्यम किड्स' में बच्चों के लिए कपड़ों की कर सकते हैं खरीदारी



**दुर्ग।** दुर्ग इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड दुर्ग स्थित कंपलीट किड्स वियर स्टोर 'सत्यम किड्स' में नवजात से लेकर 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए सभी एसेसरीज और गारमेंट्स उपलब्ध है। शो रूम में न्यू बोर्न बेबीज के लिए एक्सक्लूसिव कलेक्शन रखा गया है। दुर्ग-भिलाई के बड़े किड्स वियर शो रुम में शामिल 'सत्यम किड्स' में बेबी गर्ल्स के लिए स्टाइलिश सलवार सूट, लांचा साथ ही सभी प्रकार के इंडो वेस्टर्न ड्रेस और बॉयज के लिए कुर्ता-पायजामा, जीन्स जैसे पार्टी वियर और फार्मल, कैजुअल ड्रेसेस का शानदार कलेक्शन उपलब्ध है। शो रूम रविवार को भी खुला रहता है। आने वाले त्योहारों और मांगलिक अवसरों के लिए 'सत्यम किड्स' में आकर एक्सक्लूसिव किड्स वियर और एसेसरीज कलेक्शन की खरीदारी की जा सकती है। कस्टमर शॉपिंग के लिए इंदिरा मार्केट दुर्ग के शो रूम में विजिट कर सकते हैं।

### सोरियासिस रोग का इलाज आयुर्वेद रसायन से हीः डॉ. अग्रवाल



**भिलाई।** सोरियासिस रोग लाइलाज एक जटिल रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं, इस रोग को किसी साधारण गोली दवा, इलाज से दबाने की गलती भूलकर भी नहीं करें, वरना आगे चलकर रोग गंभीर हो सकता है। डॉ. एचसी अग्रवाल बताते हैं कि वात, पित, कफ तीनों की विकृति त्रिदोषज अर्थात इम्यून डिसआर्डर रोग है। इससे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते इसलिए यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर में रूसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले दाग, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ों में सूजन, दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है, इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया इत्यादि से ठीक नही होता दब जाता है यह केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही संभव है। सभी चमड़ी एवं रोगों के स्थायी इलाज के लिए गुरूद्वारा, स्टेशन रोड स्वरूप टाकीज के सामने, ब्राईट फर्नीचर के पीछे दुर्ग स्थित क्लीनिक में डॉ. अग्रवाल से दोपहर 3 से रात्रि 7:30 बजे तक मरीज मिल सकते हैं।

# मनवा कुर्मी समाज के चुनाव में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



■ खोडस राम कश्यप बने मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज क्रे केंद्रीय अध्यक्ष पद क्रे लिए मतदान किया गया जिसमें खोडस राम कश्यप ने 24246 मत पाकर 1656 वोटो से जीतकर कुर्मी समाज के मुखिया बने। वही दुसरे स्थान पर चंद्रशेखर परगनिहा ने 22590 वोटो के साथ दुसरे स्थान पर रहे । इस मतदान मे समाज की मुखिया चुनने क्रे लिए करीब 142751 मतदाता मतदान करने के लिए पात्र थे । केंद्रीय निर्वाचन प्रभारी ऋषि कुमार वर्मा व सहायक निर्वाचन अधिकारी पाटन राज केदार कश्यप से मिली जानकारी क्रे अनुसार 10 राज के मतदाताओं के द्वारा केंद्रीय अध्यक्ष पद के लिए मतदान किया गया । इस चुनाव मे केंद्रीय अध्यक्ष के लिए छः प्रत्याशी मौदान पर थे। आम चुनाव की तरह ही चुनाव की तैयारी पूरी की गई थी ।सभी गावों मे बूथ बनाया गया था हर गांव में एक बूथ बना था ।प्रत्येक बूथ मे चार अधिकारी पीठासीन सहित अधिकारी नियुक्त किए गये थे। गांव के गांव प्रमुख बूथ के प्रभारी थे इस चुनाव मे छः प्रत्यासी चुनाव के मैदान में थे। अजीत मढ़रिया(बजरंगी),चंद्रशेखर परगनिहा, दशरथ वर्मा,खोड़श राम कश्यप,सरोज चंद्रवंशी,उमाकांत वर्मा केंद्रीय अध्यक्ष पद के प्रत्यासी हैं। पाटन राज के 81 गावों मे चुनाव के लिए मतदान केन्द्र बनाये गये थे ।केदार कश्यप ने आगे बताया कि पाटन राज में कुल स्वजातीय गांवों की संख्या 81 कुल मतदान केंद्रों की संख्या 58 राज में कुल मतदाता की संख्या 10020 जिसमें 5120 पुरूष एवं 4900 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग किए । 20 अक्टूबर दिन-रविवार को सुबह 8 बजे 3 बजे तक मतदान हुआ । बूथों पर मतगणना 3.30 से 6 बजे तक हुआ। सहायक निर्वाचन अधिकारी पाटन राज द्वारा मतगणना पत्रक का गोश्वारा बनाकर वाट्सअप या मेल के माध्यम से केन्द्रीय कार्यालय को भेजा गया। फिर वहाँ से परिणाम की घोषणा की देर रात को किया गया । चुनाव शान्ति पूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के लिए 250 चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी।

### समाज के चुनाव में भी अप्रत्याशित घटना घटी

कुलेश्वर वर्मा ने बताया कि ग्राम अकलोरडीह मतदान केन्द्र में कुछ लोगों ने मतदान को प्रभावित करने का प्रयास किया है। मतदान केन्द्र से मत पेटी लेकर चले गये थे लेकिन एक घंटे बाद मतदान पेटी वापस लाया गया, पर यह सवाल है कि आखिर मतदान पेटी को मतदान केंद्र से क्यों ले जाया गया?एक घटना में मतदान पेटी में गड़बड़ी तो नहीं की गई? यह तमाम सवाल है। कुलेश्वर वर्मा ने समाज के उच्च पदाधिकारी से इसकी शिकायत समाज करने की बात कही है।

### क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**अंडा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा सोमवार को रसायन विज्ञान में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया जिनके नाम क्रमशः बोरान, कार्बन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन , हैलोजन एवं नियॉन टीम के रूप में रखे गए थे। एमएससी पूर्व रसायन शास्त्र, बीएससी अंतिम, बीएससी द्वितीय वर्ष एवं बीएससी प्रथम वर्ष के एक-एक छात्रों का चयन प्रत्येक टीम में सदस्य के रूप में किया गया था। संपूर्ण क्विज का संचालन एमएससी रसायन शास्त्र पूर्व के विद्यार्थी चंद्रपाल वर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में टीम बोरान विजयी रही, जिसके सदस्य थे गंगा एमएससी पूर्व रसायन शास्त्र, गजेंद्र साहू बीएससी अंतिम वर्ष, कविता पटेल बीएससी द्वितीय वर्ष तथा गजेंद्र कुमार बीएससी प्रथम वर्ष।

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**॥ ईश्तहार ॥**

रा.प्र.क्र. 202410102700014/अ-21(1)/ वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र कुमार ठाकुर पिता स्व. जंगलूराम ठाकुर, निवासी ढीमर पारा, छोटे पुरदा, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा कलेक्टर महोदय जिला दुर्ग के समक्ष आवेदन पेश किया है कि आवेदक सुरेन्द्र कुमार पिता जंगलुराम जाति गोंड़ के नाम पर ग्राम पुरदा, प.ह.नं. 07. रा.नि.मं. बोरीबुजुर्ग, तहसील बोरी जिला दुर्ग में ऋण पुस्तिकर क्रमांक 3499318 में ख.नं. 2095, 2399/1 रकबा क्रमशः 0.98, 0.20 हे. भूमि एवं ऋण पुस्तिका क्रमांक 1350002 में शामिल सरीक संयुक्त खाते में स्थित भूमि ख.नं. 154/1, 289/1, 452, 2230/1, 2246/1 रकबा क्रमशः 0.55, 0.48, 0.29, 0.14, कुल खसरा 07 कुल रकबा 2.66हे. भूमि स्थित है जिस पर आवेदक कृषि कार्य कर कास्त काबिज है। आवेदक कुल खसरा 07 कुल रकबा 2.66 हे. में से ख.नं. 2095, रकबा 0.98 हे. को गैर आदिवासी व्यक्ति के पास विक्रय करना चाहता है। विक्रय के पश्चात आवेदक के पास 1.68हे. (4 एकड़) भूमि शामिल सरीक में शेष बचेगी। आवेदक अपनी बहन अनुपा उम्र 24 वर्ष का विवाह एवं मकान निर्माण करना चाहता है जिसके कारण उक्त कृषि भूमि क्रेता रज्जु ढीमर पिता गोविंदराम ढीमर को दिनांक 19.05.2024 को बेचने का पक्का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित किया है। क्रेता द्वारा वादभूमि ख. न. 2095 रकबा 0.98 हे. को 13,25,000/- (तेरह लाख पच्चीस हजार रूपये) में क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है जिसमें से क्रेता द्वारा बतौर बयाना 5,25,000/- (पांच लाख पच्चीस हजार रूपये) आवेदक को प्रदान किया गया है एवं शेष राशि भूमि विक्रय अनुमति प्राप्त होने पर रजिस्ट्री के समय प्रदान करने दिनांक 09.06.2024 को इकरारनामा निष्पादित किया गया हैं। अतः ग्राम पुरदा, प.ह.नं. 07 तहसील बोरी स्थित वादभूमि ख.नं. 2095 रकबा 0.98 हे. को गैर आदिवासी क्रेता रज्जु ढीमर पिता गोविंदराम ढीमर निवासी पुरदा को विक्रय किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने निवेदन किया है जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त वादभूमि को व्रिकय अनुमति दिये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 12/11/2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बोरी










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## राष्ट्रीय सेमिनार में छग प्रलेसं के साहित्यार करेंगे शिरकत

**भिलाई।** प्रगतिशील लेखक संघ के तत्वावधान में 26,27 अक्टूबर को चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में छग प्रलेसं के अध्यक्ष मडंल सदस्य लोकबाबू, प्रांतीय अध्यक्ष नथमल शर्मा और महासचिव परमेश्वर वैष्णव तथा सचिव कुसुम माधुरी टोप्टो भाग लेंगे। भारतीय लोकतंत्र, सामाजिक न्याय व साहित्य विषय पर आयोजित सेमीनार में विभिन्न राज्यों के साहित्यकार भाग ले रहे हैं।

## सेल को मिला एसएचआरएम एचआर पुरस्कार



**भिलाई।** सेल को दिल्ली में आयोजित एसएचआरएम इंडिया वार्षिक सम्मेलन में 'समावेश, समानता और विविधता में उत्कृष्टता' और 'डिस्ट्रीब्यूटेड वर्कफोर्स प्रबंधन में उत्कृष्टता' श्रेणियों में एसएचआरएम -एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी मुख्य अतिथि थे।

## सुरक्षा के लिए कर्मियों की पत्नियों को किया जागरुक

**भिलाई।** नागरिक सुरक्षा संगठन तथा ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सिंटर प्लांट के कर्मियों की पत्नियों के लिए हम भी है तैयार" एक दिवसीय विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में किया गया। कार्यक्रम में 24 महिलाएं उपस्थित थीं ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता तथा विशेष अतिथि महाप्रबंधक जगेन्द्र कुमार और महाप्रबंधक संजीव वर्गीस थे। श्री दत्ता ने कहा कि महिलाएँ भी नागरिक सुरक्षा के कार्य को बखूबी कर सकती हैं।

# दीपावली के निकट आते ही ट्विनसिटी के बाजारों में सुआ नृत्य की धूम

## ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं विलुप्तप्राय लोक परंपरा को बचाने का कर रहीं प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तरी नरी नहा ना री नहना रे, सुआ ना...,दीपावली के निकट आते ही ट्विनसिटी के बाजारों में लोक परंपरा के रुप में सुआ नृत्य की धूम है। पारंपरिक परिधान में घर घर व दुकान दुकान मोहक नृत्य करती ग्रामीण महिलाएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। विलुप्तप्राय इस लोकविधा को जीवित रखने के इस प्रयास बुजुर्ग जहां एक उम्मीद के रुप में देख रहे हैं तो नई पीढ़ी के लिए यह कौतुक बना हुआ है। भिलाई टाउनशिप के सेक्टर 6 और सेक्टर दस मार्केट सहित विभिन्न बाजारों और पटरीपार के सुपेला व पावरहाउस आदि मार्केट की दुकानों के सामने में दिवाली पूर्व सुवा नृत्य करता ग्रामीण महिलाओं का समूह आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। दुर्ग के इंदिरा मार्केट व स्टेशन रोड मार्केट और कई मोहल्लों में भी सुआ नृत्य की धूम है। सेक्टर 6 ए मार्केट में नृत्य करने आईं सोमिन, सहोदरा आरती, हूमन, लता और बताती हैं कि पुरखौती से दिवाली पर सुआ नृत्य करने आती हैं। यह एक परंपरा है। इसमें संकोच कैसा ? पारंपरिक सुआ नृत्य में गांव की महिलाएं समूह में झुककर गोल घूमकर ताली बजाते हुए सुआ गीत गाते हुए नृत्य करती हैं। सामने धान से भरी टोकनी में मिट्टी के तोते की आकृति होती है। विदित हो कि नाचते हुए महिलाएं बतौर संदेशवाहक अपने मन की व्यथा यानी सुख दुख को अपने प्रिय तक पहुंचाती हैं। लोक संस्कृति में सुआ व कबूतर विश्वसनीय संदेशवाहक के रुप में स्थापित हैं। लोक विश्वास है कि सुआ उनके संदेश को पति या प्रियजन तक पहुंचाएंगा।



### सुआ को बतौर संदेश वाहक भेजते हैं सुख-दुख

लोक संस्कृति के मुताबिक पहले सुआ नृत्य करने वाली महिलाएं दिवाली के हफ्तेभर पूर्व से गांवों में किसानों घर घर जाकर सुआ गीत गाते हुए नृत्य करती हैं। इसके एवज में किसान खुश होकर उन्हें उपहारस्वरुप अनाज व पैसे देते थे । पिछले वर्षों में अब गांवों से महिलाओं के समूह शहरों यानी भिलाई दुर्ग के बाजारों में आती है। दुकान दुकान नृत्य करती हैं और व्यवसायी उन्हें बतौर उपहार पैसे देते हैं। लोक कलाकार बताते हैं कि दिवाली पर सुआ नृत्य की परंपरा किसी लाभ लोभ के लिए नहीं बल्कि एक लोक परंपराक के रुप में पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। आधुनिकता की आंधी में अब यह लोक परंपरा भी विलुप्त होती जा रही है। इसे संरक्षण की जरुरत है।

## अधिकतर इस्पात क्लबों में बुनियादी सुविधाएं बदहाल

# इस्पात क्लब हो रहे जर्जर, अफसरों की तरह कर्मियों की भी बढ़े सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप में कर्मचारियों के मनोरंजन और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बने इस्पात क्लबों के कायाकल्प की जरुरत है। अधिकतर क्लबों के जर्जर होने से कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियनों ने बीएसपी प्रबंधन से सभी क्लबों के संधारण की मांग की है।

भिलाई इस्पात संयंत्र के निर्माण बाद टाउनशिप के विकास के साथ ही सभी पंद्रह सेक्टरों में इस्पात क्लबों का निर्माण हुआ था। इसका उद्देश्य कर्मचारियों के मनोरंजन के साथ उनके खेल, सामाजिक, सास्कृतिक गतिविधियों के लिए सुविधायुक्त स्थल उपलब्ध कराना था। यह इस्पात क्लब सेक्टर एक से सेक्टर दस के साथ रिसाली, मड़ौदा व रुआबांधा सेक्टर तथा हास्पिटल व खुर्सीपार सेक्टर में बनाए गए। पचास साल पूर्व बने अधिकतर इस्पात क्लब के भवन जर्जर हो चुके हैं। इसके चलते आयोजनों को लेकर कर्मियों व परिवार को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक पिछले कई साल से सभी क्लबों के संधारण की मांग की जा रही है। इनक भवनों को आज के अनुरुप बड़ा और सर्वसुविधा युक्त बनाए जाने की जरुरत है। सेक्टर 5 और सेक्टर 7 के अलावा सभी क्लब के भवनों में बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं। खिड़की, दरवाजे और शीशे टूट चुके हैं, गटर जाम होते रहते हैं। बारिश में जलजमाव व सीपेज की समस्या होती है। कई के लाइट पंखे खराब हैं।

### यूनियनों ने कहा, कहां करें कर्मचारी आयोजन

### सेक्टर 5 की तरह नहीं बने अन्य क्लब

वर्ष 2012 में सेल चेयरमेन के कार्यक्रम के आयोजन के लिए सेक्टर पांच के जर्जर इस्पात क्लब का संधारण कर साजसज्जा की गई थी। यूनियनों के मुताबिक यहां पेंटरों द्वारा दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग कर कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। इसे देखते हुए प्रबंधन द्वारा सेक्टर 5 इस्पात क्लब की तरह सभी सेक्टरों के क्लबों का संधारण किए जाने का घोषणा की गई थी। लेकिन अब तक योजना ठंड बस्ते में है।



### अधिकारियों के लिए आकर्षक क्लब

भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों के मनोरंजन के लिए दो सुवसुविधायुक्त आकर्षक क्लब हैं। सेक्टर 8 में स्टील क्लब और भिलाई निवास के पास भिलाई क्लब है। दोनों में आकर्षक लान टेनिस व बैडमिंटन कोर्ट, स्वीमिंग पूल, बार, एलईटी टीवी आदि की सुविधा उपलब्ध है। यहां समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। लेकिन कर्मियों के लिए मनोरंजन के लिए इस तरह को कोई क्लब नहीं है।

# मैत्रीबाग में प्रकृति के संग बच्चों ने बिखेरे रंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा मैत्री बाग के कैंडल गार्डन में आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह- पर केन्द्रित इस ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय था सत्यनिष्ठ की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री कर और एसीवीओ सत्यब्रत कर थे। प्रतियोगिता में 180 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

■ सतर्कता जागरुकता सप्ताह पर स्कूली विद्यार्थियों की पेंटिंग प्रतियोगिता

मुख्य अतिथि ने छात्रों के साथ बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतिभागी बच्चों ने दो घंटे की अवधि में संबंधित चित्रों के माध्यम से प्रतियोगिता के विषय पर अपना संदेश दिया। प्रतियोगिता का आयोजन 2 वर्गों में, कक्षा 6 से 8 तक जूनियर वर्ग और कक्षा 9 से 12 तक सीनियर वर्ग में किया गया। बीएसपी के शिक्षा विभाग और हार्टीकल्चर विभाग के सहयोग से आयोजित प्रतियोगिता निर्णायक कलाकार शत्रुघ्न स्वर्णकार और मोहन कुमार बराल थे। प्रतिभागी बच्चों को सतर्कता विभाग द्वारा टोकन गिफ्ट वितरित किया गया। विजेताओं को 2 नवम्बर को महात्मा गांधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

# बीएसपी में हड़ताल की तैयारी तेज, संयू ने गेटों पर बांटे पंपलेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

28 अक्टूबर को 39 माह का एरियर्स भुगतान करने, भ्रामक बोनस फार्मूला रद्द करने, लंबित वेतन समझौता को जल्द पूर्ण करने, ठेका श्रमिकों का वेतन और बोनस आदि मांगों को लेकर एक दिवसीय औद्योगिक हड़ताल का आह्वान किया गया है। हड़ताल के लिए भिलाई के 9 ट्रेड यूनियनें तैयारी कर रहे हैं। हड़ताल को सफल बनाने मंगलवार को संयुक्त यूनियन ने मेन गेट बोरिया गेट एवं खुर्सीपार गेट पर पंपलेट वितरण कर कर्मियों से हड़ताल में शामिल होने की अपील की । यूनियन द्वारा कर्मियों के साथ छोटी-छोटी बैठकें और मुलाकात कर चर्चा का दौर तेज कर दिया गया है। इस दौरान संयुक्त यूनियन के नेताओं ने कहा कि प्रबंधन कर्मियों का कोई भी अधिकार थाली में सजाकर नहीं देने वाला है, हमें अपना हक लड़ कर लेना होगा । हम लड़ेंगे तो जीतेंगे जरूर, इसी उम्मीद के साथ कर्मी स्वेच्छा से 28 अक्टूबर के हड़ताल में भागीदारी करने का मन बना रहे हैं।



### हड़ताल के दिन रोकना नहीं पड़ता है कर्मियों को

संयुक्त यूनियन के नेताओं ने कहा कि पिछले 8 साल के अंदर कोल इंडिया ने दो बार एग्रीमेंट कर कर्मचारियों की एकता की ताकत को साबित किया। कोल इंडिया के कर्मी हमेशा से ही संघर्षों के नए-नए कीर्तिमान रचते रहे हैं कोल इंडिया के यूनियन जब भी अपनी मांगों को लेकर प्रबंधन के अड़ियल रवैया के खिलाफ हड़ताल का आह्वान करते हैं वहां के कर्मी स्वेच्छा से हड़ताल में भाग लेते हैं उन्हें हड़ताल के दिन ड्यूटी जाने से रोकना नहीं पड़ता है यही कोल इंडिया के ताकत का मूल मंत्र है।

### बैंक एवं बीमा में स्वेच्छा से हड़ताल

यूनियन नेताओं ने कहा कि बैंक एवं बीमा के यूनियन कर्मियों के जायज मांगों को लेकर प्रबंधन के सामने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी आवाज को बुलंद करते हैं । जब प्रबंधन बैठकों में उनकी बातों पर सहमत होने से इनकार कर देता है तब वह अंतिम हथियार के रूप में हड़ताल का आह्वान करते हैं एवं उस आह्वान को आत्मसात करते हुए बैंक एवं बीमा में काम करने वाले कर्मी हड़ताल में भागीदारी करते हैं ।हड़ताल के दिन का तनख्वाह कटवाते हैं और अपने संघर्षों को जीत दिलाते हैं । बीएसपरी कर्मियों को इसी तरह जागरुकता दिखाने की जरुरत है।

# वेल्डिंग श्रमिकों के लिए राष्ट्रीय वेल्डिंग स्पर्धा शुरु

**भिलाई।** दि इन्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ वेल्डिंग-भिलाई ब्रांच एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय वेल्डिंग प्रतियोगिता के प्रथम चरण का शुरु हुई। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक पीके सिंग के और मानद सचिव (आईआईडब्लू-भिलाई शाखा) सुनील कुमार बंसल ने अध्यक्षता की।

संविदा श्रमिक वेल्डरों में सुरक्षित और उत्कृष्ट कौशल विकास को बढावा देने के उद्देश्य से आयोजित प्रतियोगिता में 18 संविदा कम्पनी के 50 से भी अधिक वेल्डरों ने भाग लिया। आयोजन दो श्रेणियों आर्क वेल्डिंग एवं गैस वेल्डिंग में किया गया। वेल्डरों ने अपने-अपने कार्य को उत्कृष्टता के साथ संपन्न करते हुए सहभागिता दर्ज की।संविदा वेल्डरों के कार्यों का मूल्यांकन तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें पूर्व विभागाध्यक्ष एससी टुटेजा, विभागाध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल और महाप्रबंधक एम हुसैन शामिल हैं। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नवम्बर में चेन्नई में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे।प्रतिस्पर्धा में बीएसपी के मार्स-3 के राष्टीय ट्रेड (वेल्डिंग) प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार विजेता परमेश्वर लाटिया द्वारा सभी प्रतिभागियों को वेल्डिंग से सम्बंधित टिप्स महाप्रबंधक वीके ओगले, राजेश अग्रवाल, इलियास अहमद सहित श्री वेद प्रकाश तिवारी, अनिमेश झा, चंद्रशेखर नामदेव, आलोक मिश्रा और डी संतोष आदि का योगदान रहा।

■ संविदा वेल्डरों के कार्यों का हुआ मूल्यांकन



# उच्च पेंशन मामले में ईपीएफओ कार्यालय की भूमिका से सांसद बघेल खफा, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ईपीएस -95 पेंशन का मामले में ईपीएफओ रायपुर कार्यालय की भूमिका को लेकर सांसद विजय बघेल खफा है। पेंशन भुगतान में देरी करने और प्रभावितों को गुमराह किया जा रहा है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी उच्च पेंशन नहीं मिल पा रहा है। इसलिए सांसद बघेल ने केंद्रीय श्रम मंत्री को पत्र लिखकर जांच की मांग की है।

भिलाई इस्पात संयंत्र के लगभग 16 हजार पूर्व कर्मी हैं जो उच्च पेंशन के दायरे में है। उच्चतम न्यायालय के 4 नवम्बर 2022 के आदेश के बावजूद उच्च पेंशन आज तक नहीं मिला। जबकि सेल के ही अन्य इकाई इस्को बर्नपुर आदि मे उच्च पेंशन का भुगतान शुरू हो चुका है । कोर्ट के 4 नवम्बर 2022 के आदेश जिसमें की ईपीएस -95 पेंशन की गणना हेतु वेतन रु 15000 रुपए की सीमा को समाप्त कर अंतिम वेतन को आधार बनाया गया था। इसी आधार पर ईपीएफओ रायपुर कार्यालय द्वारा अंतिम उच्च वेतन पर स्वंय गणना कर भिलाई इस्पात संयंत्र के पात्र सैकड़ों पूर्व कर्मियों से 15 लाख से 30 लाख रुपए अंतर राशि के रूप मे जमा करवाया गया। जिसे पूर्व कर्मियों ने उधार लेकर तथा अपने एफडी को तोड़ कर जमा किया था। परंतु लगभग एक माह बाद ही मार्च'24 मे उक्त जमा किए गए अंतर राशि को वापस करते हुए पेंशन देने से यह कहते हुये इंकार कर दिया कि भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के ट्रस्ट के नियमों में वेतन सीमा 6500 रुपए का ही उल्लेख है तथा इस सम्बन्ध मे वह अपने उच्च कार्यालय से स्पष्टीकरण मांगने की बात कही ।



■ केंद्रीय श्रम मंत्री को लिखा जांच के लिए पत्र

### ईपीएफओ कार्यालय रायपुर पर सवाल

पेंशन पीड़ति प्रतिनिधि मंडल के सुनील चौरसिया ने बताया कि ईपीएफओ रायपुर के इस कथन पर प्रश्न उठता है कि क्या उनके द्वारा बिना अपने उच्च अधिकारियों के अनुमोदन के ही अंतर राशि के लिए डिमांड पत्र जारी कर राशि जमा किया जा रहा था? अथवा ईपीएफओ रायपुर द्वारा गुमराह किया जा रहा है। इस प्रकार की स्थिति वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत चिंता का विषय है, और इसके तत्काल समाधान की आवश्यकता है । सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वेतन सीमा से संबन्धित सभी पूर्व प्रावधानों तथा भिलाई स्टील प्लांट के ट्रस्ट मे इंगित वैधानिक वेतन सीमा स्वतः ही निरस्त/शून्य हो जाना चाहिए, फिर भी भिलाई इस्पात संयंत्र के ट्रस्ट मे वेतन सीमा का मुद्दा उठाना तकनीकी रूप से अनुचित व सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना है। प्रतिनिधि मंडल मे आर वी सिंह, सुधीर अवधिया, भारत साव, के एन दिवाकर, एस एल वर्मा, सुरेश बन्छोड़ आदि शामिल थे ।

## चेयरमैन मनीष पारख ने राज्यपाल के हाथों ग्रहण किया सम्मान

# लाइफ केयर डायग्नोसिस सेंटर को स्वच्छता में उत्कृष्टता के लिए मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लाइफकेयर डायग्नोसिस सेंटर भिलाई को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वच्छता के उच्च मानकों के लिए सम्मानित किया गया है। कला मंदिर में आयोजित प्रतिष्ठित समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के हाथों यह सम्मान प्रदान किया गया, जिसमें लाइफकेयर की स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने की प्रतिबद्धता की सराहना की गई। यह पुरस्कार चेयरमैन मनीष पारख, वाइस चेयरमैन निलेश पारख और लाइफकेयर भिलाई सेंटर के निदेशक जमशेद ने प्राप्त किया। इस पहल का निरीक्षण और समर्थन वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और उनकी टीम ने किया, जिनके प्रयासों ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वच्छता ही सेवा है की प्रेरणा से प्रेरित होकर मनीष पारख हमेशा से स्वच्छता को लाइफकेयर के संचालन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। इसी सिद्धांत ने उन्हें और उनकी टीम को स्वच्छता और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया, जिससे लाइफकेयर स्वास्थ्य सेवा में एक विश्वसनीय नाम बना रहा। लाइफकेयर की मूल कंपनी मेघगंगा ग्रुप ने मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी मिशन के तहत दुर्ग को स्वच्छ और स्मार्ट बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। ग्रुप ने गांधी चौक दुर्ग के नवीनीकरण का कार्यभार संभाला है। ग्रीन चौक दुर्ग का नवीनीकरण किया जा रहा है।







# हरिभूमि लाइव

रायपुर,बुधवार 23 अक्टूबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129



04



तरूण का डिजिटल फैशन शो


## लाइव इवेंट

### वर्ल्ड सैक्सोफोन डे पर 6 को साज की आवाज और संगीत संध्या



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के बैनरतले 6 नवंबर दिन बुधवार को विश्व सैक्सोफोन दिवस पर यश यदु के म्यूजिशियन ग्रुप द्वारा लाइव बैंड पर साज की आवाज एवं संगीतमय संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम पुराना बस स्टैंड दुर्ग में शाम साढ़े 5 बजे शुरू होगा। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान ने बताया कि दुर्ग शहर में पहली बार सैक्सोफोन पर आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के स्टार सेक्सोफोनिस्ट अनिल केमे, प्रमोद केमे, गोंदिया महाराष्ट्र के परेश लोखंडे एवं बालाघाट मध्यप्रदेश के राजन वंशकार द्वारा सैक्सोफोन पर संगीतमय गीतों की लाजवाब प्रस्तुति दी जाएगी। त्रिलोक सोनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान संगीतमय संध्या में छत्तीसगढ़ के चुनिंदा एवं प्रसिद्ध गायक कलाकार देवव्रत राय, पूर्वा श्रीवास्तव, डॉ. सुभदा श्री, जानकी रमैया, स्टार बाल गायिका श्रीजा दलाल द्वारा मनमोहक गीतों की प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम का संचालन तुलसी सोनी करेंगे। कार्यक्रम में संरक्षक दाऊ चंद्रिकदत्त चंद्राकर, रमन सिंह, सदस्य ललित वर्मा, अजय झग्गर साहू, युनुस चौहान, अनिल शर्मा, संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

- सैक्सोफोन पर छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के सैक्सोफोनिष्ट देंगे प्रस्तुति

## सिटी इवेंट

### कुशवाह समाज को 5 लाख और लव-कुश की प्रतिमा स्थापित करने 10 हजार वर्गफीट जगह देने घोषणा



**भिलाई।** कुशवाहा विकास समाज का सामाजिक मिलन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन हुआ। आयोजन में कुशवाहा समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन थे। सम्मेलन में उपस्थित होकर उन्होंने कुशवाहा समाज को अपनी तरफ से पूरी सहयोग करने का आश्वासन दिया। रिकेश सेन ने कहा कि समाज को 5 लाख रुपए वे अपनी विधायक निधि से जारी करेंगे। इसके अलावा लव-कुश भगवान की मूर्ति लगाने के लिए 10,000 वर्ग फीट जमीन उपलब्ध कराएंगे। भारत में पहली बार लव-कुश भगवान की मंदिर बनाने का आश्वासन दिया। यह घोषणा सुनकर कुशवाहा समाज के लोग खुश होकर तालियां बजाकर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज के सम्मानित व्यक्तियों को श्रीफल और शाल देखकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ सम्मानित योगेंद्र सिंह, लोचन पटेल, लालचंद मौर्या, बिहारी लाल, आरपी सिंह, श्रीराम सिंह, रामचंद्र सिंह एवं कुशवाहा विकास समाज के अध्यक्ष हरिवंश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

- सामाजिक मिलन और युवक-युवती परिचय सम्मेलन शामिल हुए विधायक रिकेश

## सिटी इवेंट

### सूरज नर्सिंग होम के संचालक स्वच्छता वीर सम्मान से नवाजे गए

**भिलाई।** कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजित स्वच्छता वीर सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका शामिल हुए। राज्यपाल ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत भिलाई नगर को स्वच्छ बनाए रखने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले 55 स्वच्छता वीरों सम्मानित किया। आयोजन में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे, विधायक गजेंद्र यादव, विधायक रिकेश सेन प्रमुख रूप से मौजूद थे। उन्होंने सूरज नर्सिंग होम के संचालक डॉ. टोपेंद्र शुक्ला को महात्मा गांधी का छायाचित्र, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। राज्यपाल डेका ने सम्मान समरोह में शामिल सभी स्वच्छता वीरों को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का यह अवसर हमारे समाज के उन सच्चे नायकों और नायिकाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने का है, जिनकी निस्वार्थ सेवा और परिश्रम से हमारा शहर स्वच्छ और स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी के स्वच्छता के सपनों को साकार करने के लिए उनकी जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी।



---

- राज्यपाल रमेन डेका जूनियर रेडक्रॉस के जम्बुरी शिविर के समापन समारोह में हुए शामिल

# राज्यपाल का खुमरी और पोट्रेट देकर सम्मान, कहा-ऐसे आयोजन सिखाते हैं अनुशासन, सेवा, समर्पण और मानवता

18 से 22 अक्टूबर तक भारतीय कॉलेज पुलगांव में चल रहे जूनियर रेडक्रॉस के जम्बुरी कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। आयोजन में प्रदेश के 33 जिलों के 354 बालक, 445 बालिकाएं, 107 काउंसलर, दल प्रभारी सहित 906 सदस्य शामिल हुए। पूर्णतः आवासीय इस आयोजन में जूनियर रेडक्रॉस के मेंबर्स को इन पांच दिनों में अनुशासन, सेवा, समर्पण, हर विपरीत परिस्थिति में तैयार रहने के साथ जरुरत के समय क्या करें... क्या न करें... का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य रूप से आपातकालीन सहायता के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में प्राथमिक सहायता, सिकल सेल, नशा उन्मूलन, साइबर क्राइम से बचाव, रक्त अल्पता, किशोरावस्था में शारीरिक बदलाव, मानसिक स्वास्थ्य, सायकोलॉजी, फायर फाइटिंग जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। समापन समारोह में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिन्हें जूनियर रेडक्रॉस ने खुमरी, पोट्रेट और एक तारा भेंटकर सम्मानित किया। उनके स्वागत में 200 बालिकाओं ने रेडक्रॉस सांग पर नृत्य प्रस्तुत किया।



**दुर्ग।** आयोजित कार्यक्रम में रमेन डेका ने युवा स्वयंसेवकों के समर्पण और सेवा भावना को नमन किया। उन्होंने कहा कि ये बच्चे हमारा आने वाला कल है, जो देश का भविष्य हैं। समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को समझते हैं। रेडक्रास का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सेवा और मानवता की भावना जागृत करना है, जिससे वे समाज की बेहतरी में योगदान दे सकें। रेडक्रॉस न केवल आप सभी को चिकित्सा सेवाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में मदद करने के गुर सिखाता है, बल्कि यह मानवता के प्रति आपकी संवेदनशीलता और सेवा भावना को भी प्रबल करता है। आपको न केवल कौशल प्रदान करेगा, बल्कि जीवन के उन आदर्शों को भी सिखाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य समाज में मानवता, शांति और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना, सामुदायिक विकास, सामाजिक समरसता, और नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान देना है। यह शिविर सभी को एक बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सभी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेताओं को सम्मानित किया गया। फिजिकल डिस्प्ले में बेहतर प्रदर्शन के लिए सनशाइन हायर सेकंडरी स्कूल को सम्मानित किया गया। ओवर ऑल बेहतर प्रदर्शन के लिए दुर्ग ने प्रथम एवं बालोद को दूसरा स्थान प्राप्त किया। नारायणपुर से जूनियर बालिका नीलिमा मण्डावी और कोरिया से जूनियर बालक रमेश कुमार को सर्वश्रेष्ठ कैडेट के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सीईओ एमके राउत, चेयरमैन अशोक कुमार अग्रवाल, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

### रेडक्रॉस का 1863 से लेकर अब तक का इतिहास बताया

चेयरमैन अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस एक ऐच्छिक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जो 1863 में हेनरी ड्यूनॉट द्वारा युद्धभूमि पर जख्मी और पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया। आज यह रेडक्रॉस 191 देशों में काम कर रही है। जूनियर रेडक्रॉस जो आज जेआरसी के सदस्य हैं, कल बड़े होकर रेडक्रॉस मुखिया होंगे। शिविर में अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान दिया गया। मनोरंजक साहसिक गतिविधियां, खेलकूद, योग एवं व्यायाम, मार्चपास्ट, लोक गीत, लोक नृत्य, निबंध, पेंटिंग, अंताक्षरी, क्वीज, झांकी, फूड एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी, फिजिकल डिस्प्ले तथा 27 प्रकार के मनोरंजक खेल आयोजित किए गए।

### रेडक्रॉस सदस्यों ने देखा संयंत्र, घूमने के लिए मैत्री बाग भी पहुंचे





जूनियर रेडक्रॉस के सदस्यों को भिलाई स्टील प्लांट, भिलाई, मैत्री बाग, जैन मंदिर का भ्रमण कराया गया। सीईओ एमके राउत ने कहा कि जिले में प्रथम बार राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस मीट 2024 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस संगठन का उद्देश्य मानव सेवा और स्वास्थ्य सेवा के प्रति जागरूक करना है। जूनियर रेडक्रॉस में 9 से 12 साले के बच्चों को शामिल किया गया है। आज का बच्चा कल का नागरिक होगा। एक दूसरे में भावना और ज्ञान का आदान प्रदान हो रहा है, जिस स्थान में बैठकर आप प्रशिक्षण एवं ज्ञान ले रहे हैं, वह शिक्षा का मंदिर है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जूनियर रेडक्रॉस ने दी प्रस्तुति, सम्मान



इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मलखम्भ का भी प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल ने मार्चपास्ट, लोक गीत, लोक नृत्य, निबंध, पेंटिंग, अंताक्षरी, एवं क्वीज, झांकी, फूड एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी, फिजिकल डिस्प्ले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नशामुक्ति, युवोदय, महिला स्वसहायता समूह के उत्पादों से जुड़ी प्रदर्शनी भी लगाई गई। हेल्थ कैम्प भी लगाया गया।

---

# महिलाओं को सिखा रहे साबुन, शैम्पू, हैंडवाश बनाना, चार दिवसीय प्रशिक्षण

**दुर्ग।** स्वावलंबी भारत अभियान के तहत स्व. नौबतराम गोयल (इन्डियन इस्पात ग्रुप रायपुर) की स्मृति में यादव भवन शांतिनगर उरला में महिलाओं को नहाने के साबुन, फिनायल, डिश वाश (बर्तन धोने की लिक्विड शोप), शैम्पू, फ्लोर क्लीनर, हैंड वाश, हार्पिक (टॉयलेट क्लीनर), कपड़ा धोने का साबुन, का 4 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के दुर्ग चेयरमैन पवन बड़जात्या, उद्यमी शरद बाफना एवं महिला इंटरप्रेनर हेमा देवांगन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचकर महिलाओं का हौसला बढ़ाया। इसी कड़ी में पवन बड़जात्या ने कहा जो भी आप प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, उसके उत्पादों की गुणवत्ता का ध्यान रखें। ताकि आपको एक बार ऑर्डर मिलने के बाद पुनः आर्डर मिले। इसी कड़ी में पवन बड़जात्या ने उपस्थित महिलाओं को कहा कि आप सामान बनाएं, इसके लिए हम आपके तथा व्यापारियों के बीच एक सेतु का काम करेंगे।





यादव भवन शांतिनगर उरला में स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत आयोजन

### प्रदेश के सभी जिलों में दिया जा रहा प्रशिक्षण

स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे ने बताया कि प्रदेश में सभी जगहों पर इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रायपुर के इंडियन इस्पात ग्रुप के डायरेक्टर विजय गोयल अपने पत्रों तथा सुझावों के माध्यम से कई सरकारी पॉलिसी को इंप्लीमेंट करवाया है। उनकी स्वप्रेरणा से उनके पिता की स्मृति में शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के रोजाना इस्तेमाल में किए जाने वाले उत्पादों का प्रशिक्षण दिया गया।

# सराहा गया सेवानिवृत्त शिक्षकों का समाज के प्रति योगदान

**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औद्योगिक क्षेत्र हाउसिंग बोर्ड भिलाई में सुदीर्घ सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को भावभीनी विदाई दी गई। प्राचार्य दीप्ति तिवारी, शिक्षकगणों और शाला परिवार के समस्त सदस्यों ने इन सेवानिवृत शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया तथा सेवानिवृत्ति के उपरांत जीवन के नए पड़ाव की शुभकामनाएं दी।

इन सेवानिवृत्त शिक्षकों में कंचन लता घई, मिनाली देशपांडे, अंगेश्वर देशकर, और एयू खान को भावभीनी विदाई दी गई। प्राचार्य श्रीमती तिवारी के साथ शिक्षकगणों रूबी जॉनसन, हरेंद्र तोमर, ए दिल्लीवार और निधि पटेल ने सभी सेवानिवृत शिक्षकों की कर्तव्य निष्ठा और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान कुछ शिक्षक-



शिक्षिकाओं ने सुमधुर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सेवानिवृत हुए शिक्षकगणों ने अपना सेवाकाल याद किया तथा सम्मान के लिए आभार जताया। इस दौरान बीके दास, जेके शुक्ला, डीडी वर्मा, विनय चंद्राकर, आडिल, रिंकू चक्रवर्ती, ललिता सिंह, माया वाहने, ऋतु वर्मा, प्रीत कौर, प्रेम लता बघेल, लीना देवांगन, पी देशमुख, यशोदा साहू, उषा रानी वर्मा और रेखा जनबंधु के साथ छात्र-छात्राओं ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।

---

## नृत्य का महाकुंभ : रायपुर के रंगमंदिर में इंटरनेशनल कॉम्पिटीशन ऑफ डांस का आयोजन

कार्नर न्यूज



# आद्या ने भरतनाट्यम में दी ऐसी प्रस्तुति कि हर तरफ सिर्फ तालियां ही तालियां... जीता फर्स्ट प्राइज

**भिलाई।** कड़ी मेहनत और लगन से इंसान क्या कुछ हासिल नहीं कर सकता, इसकी बानगी पिछले दिनों शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम में देखने को मिली। इस नृत्य में भिलाई की बेटी आद्या पांडेय ने अद्भुत प्रस्तुति देकर सबको अचंभित कर दिया। 15 वर्षीय आद्या ने रायपुर के रंगमंदिर में आयोजित अंतराष्ट्रीय आयोजन में सबका दिला जीत लिया। वह अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रही। उसने अपना ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। बता दें अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता इंटरनेशनल कॉम्पिटीशन ऑफ डांस एंड म्यूजिक नवटर गोपी कृष्ण अवार्ड-2024 में देशभर के 1 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों ने अलग-अलग ग्रुप में भाग लिया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समर्थित संस्था में भाग लेना ही अपने आप में एक गौरव की बात है।



### आगामी दिनों में होने वाली प्रतियोगिताओं में लेंगी भाग

जानकारी के मुताबिक आद्या आगामी दिनों में होने वाली अन्य राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी। उनके जानने वाले बताते हैं कि उनमें नृत्य को लेकर इतनी कम उम्र में ही बेहतर समझ है, जिसके कारण वह अपने नृत्य में बेहतर तरीके से निखार ला पाती हैं। कुशल नृत्यांगनाएं भी उनके नृत्य को देखकर प्रशंसा किए बिना रह पाते। आने वाली करीब 3 प्रतियोगिताओं में वे भाग लेंगी।

### आद्या अब तक 23 राष्ट्रीय और एक अंतराष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी

आद्या अब तक 23 राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार जीत चुकी है। उसने एक अंतराष्ट्रीय पुरस्कार भी अपने नाम किया है, जो कि अपने आप में एक उपलब्धि है। आयोजित प्रतियोगिता मे समूचे देश से आए प्रतिभागियों ने विभिन्न कला के रूप को प्रस्तुत किया। निर्णायक के रूप में डॉ. रिचा गुप्ता (दिल्ली), अद्रजा दास (केरल) थे। आद्या पांडे द्वारा अपनी मेहनत से ना सिर्फ भिलाई का नाम रोशन कर रही हैं, बल्कि अपनी प्रतिभा को भी समय-समय पर प्रस्तुत करके अपनी कला को निखार रही हैं।



### आद्या के नाम हैं नृत्य मंजरी, नृत्य प्रतिभा जैसे सम्मान

आद्या के नाम अब तक नृत्य मंजरी, नृत्य प्रतिभा एवं नृत्य श्रेष्ठ जैसे अलंकरण हैं। आद्या महज 15 वर्ष की है। उन्होंने ४ साल की उम्र से भरतनाट्यम की शिक्षा अपने गुरु डॉ. जी. रतीश बाबू से लेना शुरू किया। नृत्यति कलाछेत्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। आद्या 10वीं की छात्रा हैं। उनके पिता दिनेश पांडे भिलाई इस्पात सयंत्र के मर्चेंट मिल में कार्यरत हैं। वे बताते हैं कि आद्या हर दिन नृत्य को लेकर लगातार कड़ी मेहनत कर रही है। वह अपनी पढ़ाई को भी प्रभावित नहीं होने देती, दोनों में सामंजस्य बनाकर आगे बढ़ रही है।

## जेसीआई दुर्ग-भिलाई की 2025 के लिए नई कार्यकारिणी घोषित, सदस्यों को मिली जिम्मेदारी

# जेसीआई की नई कार्यकारिणी AROMA, आलोक होंगे टीम के नए लीडर, लोगो भी किया जारी

**भिलाई।** जेसीआई दुर्ग-भिलाई की वर्ष 2025 के लिए नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी को घोषणा की गई। अध्यक्ष आलोक जैन को बनाया गया है। उन्होंने अपनी नई कार्यकार्यकारिणी का नाम "AROMA" रखा है। नियुक्ति के बाद आलोक जैन ने कहा कि जेसीआई शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था है, पिछले 51 वर्षों से लगातार दुर्ग-भिलाई में काम कर रही है। अपने मेंबर्स के लिए प्रशिक्षण, मनोरंजन एवं व्यापार उत्थान के लिए कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 52वीं कार्यकारिणी का चुनाव किया गया है। वर्तमान अध्यक्ष योगेश राठी ने बताया कि जेसीआई के इस वर्ष के चुनाव अधिकारी के रूप में पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र खेतान को चुना गया था, जिनके निर्देशन में सत्र 2025 हेतु नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। आगामी दिनों में नई कार्यकारिणी को कार्यभार सौंपा जाएगा। इसके बाद उनके मार्गदर्शन में पूरी टीम काम करेगी।



### नए लक्ष्यों के साथ फील्ड पर उतरेगी कार्यकारिणी

चुनाव अधिकारी सुरेंद्र खेतान ने सदन को विभिन्न पदों के लिए आए नामांकन से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि संस्था के सभी युवा व ऊर्जावान साथियों को संस्था के प्रत्येक क्रियाकलापों में सीधे जोड़ा जाए। हर वर्ष नए नए सदस्यों को भी भरपूर मौका दिया जाए। इसलिए प्रत्येक वर्ष नई टीम व नए लक्ष्यों को लेकर संस्था कार्य करती आ रही है। चुनाव परिणामो की जानकारी देते हुए बताया कि अनुकरणीय परंपरा रही है कि प्रत्येक वर्ष सर्वसम्मति से अध्यक्ष व अन्य कार्यकारिणी का चयन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी सभी सदस्यों की सर्वसम्मति के आधार पर जेसी आलोक रचना अग्रवाल को निर्विरोध रूप से अध्यक्ष घोषित किया गया। अमूल रेशु जैन सचिव, अनिल अरोरा कोषाध्यक्ष, प्रखर पारख ग्रीटर, तोरण अटल सह-सचिव, कमल किशोर झंवर पीआरओ बनाए गए हैं। संस्था के सदस्यों ने बताया कि जेसीआई पिछले 50 सालों से अधिक समय से काम रही है। संस्था द्वारा समय-समय पर सामाजिक उत्थान को लेकर काम किए जाते है। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है। गरीब जरूरतमंदों की मदद की जाती है। इसके अलावा संस्था के माध्यम से पर्सनाल्टी डेवलपमेंट के लिए नियमित रूप से कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। व्यापारिक दृष्टिकोण से देश-दुनिया में हो रहे बदलाव से स्थानीय व्यापारियों को अवगत कराया जाता है। जेसीआई सदस्य राकेश जैन ने बताया कि समय-समय पर सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है। इसमें सदस्यों की भागीदारी लगातार बनी रहती है।

### जेसीआई की जूनियर विंग का भी किया गया गठन

इस अवसर पर जेसीआई की जूनियर विंग का भी गठन किया गया। प्रेसीडेंट के रूप में शब्द अग्रवाल तथा सचिव के रूप में दिशा जैन का चयन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए चुने जाने के बाद आलोक अग्रवाल ने अपनी कार्यकारिणी का नाम "**AROMA**" रखते हुए इस नाम एवं लोगो का सदन में औपचारिक विमोचन भी किया, जिसके तहत सारे टीम मेंबर्स की घोषणा की गई। अन्य पदों में उपाध्यक्ष सीए महावीर जैन, संतोष कुमार, आदित्य राठी, संदेश जैन एवं विवेक सांघवी बनाए गए हैं। जेसीवीक डायरेक्टर के रूप में अर्पित चांडक का चयन किया गया है।



### चयनित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र का वितरण

डायरेक्टर्स में राकेश गोलछा, अमित अग्रवाल, चंद्रेश राठी, पंकज अग्रवाल, सीए नवीन जैन, पीयूष अग्रवाल, आशीष तुरखिया, गौतम देशलहरा, आतिश अग्रवाल, आशीष शर्मा, शैलेन्द्र ताम्रकार, अनिल बल्लेवार, नितेश केडिया, आशीष तेलंग, सागर सक्सेरिया, गोपाल चांडक, आनंद जैन, मनीष पाटनी, आलोक लुनिया, रामदेव टावरी, कर्मेंद्र त्यागी, लकी टावरी, दीपक राठी, कुशल सुराणा आदि नियुक्त किए गए हैं। सभी चयनित पदाधिकारियों को चुनाव अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आलोक जैन ने नियुक्ति के बाद कहा कि दुर्ग- भिलाई में जेसीआई ने हर वर्ष एक अलग ऊंचाई को छुआ है। अतः इस वर्ष भी टीम बहुत ज्यादा अपेक्षा होना स्वाभाविक है। वे इस पद का दायित्व पूरी जिम्मेदारी के साथ तथा पूर्व अध्यक्षों के कार्यकाल के अनुरूप निर्वहन करने का पूरा प्रयास करेंगे।

## सिटी इवेंट

# बास्केटबॉल में दुर्ग सेक्टर विजेता, 8 खिलाड़ी चमके



**भिलाई।** शासकीय महाविद्यालय भाटापारा में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अंतर संभाग (राज्य) महिला बास्केटबॉल का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर से 9 सेक्टर की टीमों ने भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता में दुर्ग सेक्टर की टीम विजेता रही। टीम में गर्ल्स कॉलेज की 8 खिलाड़ियां शामिल थीं, जिन्होंने अपनी प्रतिभाग का लोहा मनवाया, जिसके कारण दुर्ग सेक्टर की टीम विजेता बन पाई। डॉ. ऋतु दुबे ने बताया की कड़ी मेहनत से हमारे कॉलेज की छात्राओं ने प्रतियोगिता में जीत दिलाई। महाविद्यालय की डी. कीर्ति के सर्वाधिक स्कोर एवं अच्छे खेल के प्रदर्शन के कारण सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

- शासकीय महाविद्यालय भाटापारा में उच्च शिक्षा विभाग का आयोजन

### हर मैच में एकतरफा जीत हासिल की

प्रतियोगिता में दुर्ग सेक्टर की टीम ने एकतरफा जीत हासिल की। दुर्ग सेक्टर ने क्वाटर फाइनल में बिलासपुर सेक्टर को 30-3 से परास्त किया। सेमीफाइनल में सरगुजा सेक्टर को 30–15 और फाइनल में रायपुर को 30–3 से परास्त किया। टीम में रितिका निषाद, डी. कीर्ति, डी. अनुष्का, डी. अश्वनी, ज्योति प्रजापति, अर्चना निषाद, हीना कौसर एवं जन्नत अली शामिल थीं। प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीसी अग्रवाल एवं क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम सहित स्टॉफ ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## धर्म लाइव

# मछुवा महासंघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ, वीरेंद्र बने युवा मंत्री



**भिलाई।** दुर्ग जिला मछुआरा समाज के पदाधिकारियों को छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ में प्रतिनिधित्व मिला। कोटनी के वीरेंद्र निषाद को युवा प्रभाग का मंत्री बनाया गया है। पिछले दिनों रायपुर में उन्होंने महासंघ के अन्य पदाधिकारियों को साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली। प्रदेश अध्यक्ष एमआर निषाद के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी काम करेगी। राम जानकी मंदिर महादेव घाट रायपुरा रायपुर में सभी 37 पदाधिकारियों ने लोकतांत्रिक रूप से शपथ ली। इस अवसर पर मछुवारा समाज के नेहरु राम निषाद बारना धमतरी को छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष बनाए जाने पर उनका समाजिक स्तर पर सम्मान किया गया। आयोजन मे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य योजना बनाई गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष समन्वय समिति बाबा मार्तंड सिंह मांझी, कुंवरसिंह निषाद प्रदेश अध्यक्ष निषाद केंवट समाज व गुंडरदेही विधायक, सुरेश कुमार धीवर प्रदेश अध्यक्ष धीवर महासभा, मुकेश कुमार प्रदेश अध्यक्ष कहरा समाज, भूवन लाल औसरिया प्रदेश अध्यक्ष कहार समाज, संतोष मल्लाह प्रदेश अध्यक्ष मल्लाह समाज, राजेन्द्र सपाहा तीरथ निषाद देवकुमार निषाद, दुष्यंत निषाद आदि शामिल उपस्थित थे।

- दुर्ग जिले के मछुआरा समाज के लोगों को भी मिला प्रतिनिधित्व



## बानी सोनी ने संभाला पदभार

# स्कूलों में बालिकाओं के उत्पीड़न से जुड़े मामलों की होगी जांच



**भिलाई।** भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाई की संयोजिका, महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष बानी सोनी को जिला स्तरीय लैंगिक उत्पीड़न (निवारण एवं प्रतितोष) समिति का प्रमुख बनाया गया है। समिति जिले की शैक्षणिक संस्थाओं में बालिकाओं और महिलाओं के उत्पीड़न से जुड़े मामलों की जांच करेगी। बानी सोनी ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने पदभार ग्रहण कराया। बता दें कि बानी सोनी की नियुक्ति उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने की है। शालेय शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय समिति का उन्हें प्रमुख बनाया गया है। इस अवसर पर समिति की शासकीय नोडल अधिकारी गौरा शुक्ला, शिक्षा अधिकारी शिवम कटारे, सहायक सांख्यिकी अधिकारी अमित घोष, भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, राजेश राजपूत सहित अन्य उपस्थित थे।

**जिले के प्रभारी मंत्री और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने की है नियुक्ति**

### शैक्षणिक संस्थाओं की लेंगी जानकारी : बानी सोनी

पदभार ग्रहण करने के बाद बानी सोनी ने बताया कि वे डीईओ और नोडल अधिकारी से चर्चा कर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थाओं की जानकारी लेंगे। इसमें महिला स्टॉफ, बालिकाओं की संख्या और अब तक सामने आई शिकायतों के बारे में जानकारी लेंगी। इसके अलावा नियमित रूप से शैक्षणिक संस्थाओं का भ्रमण करेंगी। महिलाओं और बालिकाओं से बात करेंगी। इसके आधार पर रिपोर्ट तैयार कर शासन को अवगत कराएंगी। यह समिति दुर्ग जिला के शालेय शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं व बालिकाओं के लिए सुगम व स्वस्थ वातावरण व उनके संरक्षण का कार्य करेगी तथा उत्पीड़न के मामलों की रोकथाम करेगी।

## धमतरी में हुआ जयंती समारोह

# कथावाचक हरीश महर्षि वाल्मिकी ज्ञान रत्न अवार्ड से सम्मानित



**200 प्रतिभावान का सम्मान**

**दुर्ग।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वावधान में गोंडवाना भवन धमतरी में महर्षि वाल्मिकी जयंती पर प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र कुमार शर्मा (आदर्श शिक्षक) राज्यपाल पुरस्कृत थे। अध्यक्षता सुशीला देवी वाल्मिकी महासंरक्षक भारतीय दलित साहित्य अकादमी छग ने किया। विशेष रूप से संजय मैथिल संरक्षक, मीना भारद्वाज अध्यक्ष उपस्थित थे। 200 प्रतिभावान व्यक्ति को अवार्ड 2024 की मानद उपाधि के राज्य अलंकरण से नवाजा गया। इसमें दुर्ग से पाटन ब्लॉक के ग्राम उरला से हरीश साहू को शिक्षा, लोककला, ग्रामों के उत्थान, साहित्य, नशाबंदी, वृक्षारोपण, संस्कृति, अंधश्रद्धा उन्मूलन, पर्यावरण व समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए महर्षि वाल्मिकी ज्ञान रत्न अवार्ड से नवाजा गया। साथ ही उरला में 22 से 24 नवंबर के मध्य आयोजित होने वाली राम कथा के पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे, प्रेम साइमन कार्यालय सचिव भारतीय दलित साहित्य अकादमी छग उपस्थित रहे।

### बीपीटी मॉपअप राउंड के लिए संस्था का चयन आज से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चिकित्सा दंत चिकित्सा एवं भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी) स्नातक प्रवेश नियम के अनुसार मॉपअप राउंड के लिए संस्था का चयन अनिवार्य है। पूर्व में चयनित संस्था स्वतः शून्य हो गए हैं। चयन की प्रक्रिया नए सिरे से होनी है। इसके लिए 23 से 25 अक्टूबर के मध्य मौका दिया गया है। इस बारे में अधिक जानकारी डब्लूडब्लूडब्लूडॉटसीजीडीएमईडॉटइन से ली जा सकती है।

## एजुकेशन इवेंट

# डॉ. अर्चना पांडेय को पीएचडी अयोध्या अधिवेशन में सम्मानित




**भिलाई।** डॉ. अर्चना पांडेय को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन-2024 में उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा गया। थावे विद्यापीठ, गोपालगंज, बिहार द्वारा यह समारोह किया गया। डॉ. अर्चना पाण्डेय मुख्य रूप से भिलाई की रहने वाली हैं। थावे विद्यापीठ के कुलपति डॉ. विनय कुमार पाठक के हाथों से डॉ. पांडेय को सम्मानित किया गया। विकलांग विमर्श मानवाधिकार संस्पर्श पर आधारित शोध पर उन्होंने पीएचडी की।

## भारत सनातन संघ और स्वामी विवेकानंद युवा समिति का आयोजन

**कार्नर न्यूज**

**आरएसएस का स्थापना दिवस**

# शंख ध्वनि और गायत्री मंत्रों से गूंजा सेंट्रल एवेन्यू, पथ संचलन कर देशभक्ति का संदेश

**भिलाई।** राष्ट्र सेवा और अनुशासन के मूलमंत्र से भारतीयों को मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करने वाला विश्व का सबसे बड़ा संगठन आरएसएस है। यह बात भारत सनातन संघ के अध्यक्ष मनोज ठाकरे ने कही। आरएसएस का 99वां स्थापना दिवस सेंट्रल एवेंन्यू में मनाया गया। इस दौरान आरएसएस के स्वयंसेवकों ने पथसंचलन किया। ग्लोब चौक से होकर अन्य मार्गों से होते हुए यह शोभायात्रा गुजरी। इस दौरान पूरे समय शंख की ध्वनि और गायत्री मंत्रों का जाप किया। भारत सनातन संघ एवं स्वामी विवेकानंद युवा समिति के तत्वावधान में यह आयोजन किया गया। ग्लोब चौक में सैकड़ों कार्यकर्ताओं जुटे। जहां से सेंट्रल एवेन्यू में पथ संचलन कर राष्ट्रभक्ति का अलख जगाया गया। गायत्री मंत्रों का उच्चारण किया गया। पुष्पा वर्षा की गई। एक दूसरे को आरएसएस के स्थापन की बधाई दी गई।



### आरएसएस के समृद्धशाली इतिहास पर हुई संगोष्ठी

इस अवसर पर आरएसएस के समृद्धशाली इतिहास पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्लोब चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, सलूट तिरंगा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष किशोर कनोजे, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रशांत क्षीरसागर, संध्या टेटे, अंजलि पटनायक, नीता चौरसिया, उपासना साहू, अरुण सावरकर, रूपचंद भोसले, महेंद्र प्रताप सिंह, सुमन उन्नी, शशिकांत दुबे सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर प्रमुख वक्तों ने अपने विचार रखे। साथ ही भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया।

### आरएसएस संगठन नहीं भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक

भारत सनातन संघ छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष मनोज ठाकरे ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिर्फ एक संगठन नहीं है, बल्कि अनुशासन देशभक्ति एवं भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। देश के युवाओं को निस्वार्थ भाव से देश की सेवा के प्रति प्रेरित करने और उनके व्यक्तित्व का निर्माण निरंतर करने वाला संगठन है। स्थापना से लेकर 9 दशकों से संघ का हर स्वयंसेवक भारत को विश्व गुरु बनाने में और उसका गौरव पुन स्थापित करने के प्रति कटिबंध है। भारत माता की आराधना करते हुए स्वयंसेवकों ने पंथसंचलन किया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### एशियन म्यू थाई चैंपियनशिप में कॉंस्य पदक जीतकर कल रायपुर पहुँचेगी टिकेश्वरी



**रायपुर।** ताईवान (चीनी ताइपे) में 16 - 23 अक्टूबर तक आयोजित एशियन म्यू थाई चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की बेटी टिकेश्वरी साहू ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। अपनी इस उल्लेखनीय सफलता के बाद टिकेश्वरी 24 अक्टूबर को रायपुर लौट रही है। यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के माध्यम से भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रायपुर (छत्तीसगढ़) की टिकेश्वरी साहू ने विक्ट्री स्टेण्ड पर भारत के तिरंगे ध्वज़ के तले भारत के लिए कॉंस्य पदक प्राप्त करने का चिरस्मरणीय गौरवशाली अनुभव प्राप्त किया और भारत, छत्तीसगढ़ राज्य, रायपुर का नाम अंतराष्ट्रीय खेल जगत में स्थापित किया। राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि फाइनल प्रवेश के लिए जोर आजमाइश करते बगैर चेस्ट गार्ड के खेले जाने वाले फुल कॉन्टैक्ट गेम में सेमीफाइनल राउंड में नाक से खून बहने के कारण रिंग डॉक्टर ने टिकेश्वरी को (उसकी खेलने की इच्छा के बावजूद) और आगे खेलने की इजाज़त नहीं दी। जिसकी वजह से ताईपे की खिलाड़ी को विजेता घोषित किया गया और टिकेश्वरी को कॉंस्य पदक से संतोष करना पड़ा था। जिसका गरिमामय पदक वितरण समारोह आयोजित किया गया। हेयर फ्रेक्चर का फर्स्ट एड दिए जाने के बाद टिकेश्वरी साहू फिट एवँ बेहतर है। टिकेश्वरी की बेहतरीन फाइट, फ़ास्ट रिकवरी, फिटनेस, दमखम और उर्ज़ा से प्रभावित मेडिकल टीम तथा सिंगापुर के कोच ने चॉकलेट और की रिंग भैंट कर भारतीय खिलाड़ी टिकेश्वरी की प्रशंसा की है। उन्होंने बताया कि टिकेश्वरी साहू गुरुवार 24 अक्टूबर को सुबह 08.30 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंच रही है। जहां म्यू थाई संघ द्वारा उनका शानदार स्वागत किया जाएगा। संघ ने अधिकाधिक संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थिति का निवेदन किया है।

### सीके नायडू ट्रॉफी क्रिकेट में छत्तीसगढ़ टीम के वरुण ने लिए 5 विकेट

**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर-23 सीके



नायुडु ट्रॉफी 2024 का आयोजन 13 अक्टुबर से किया जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच (20-23 अक्टूबर) को सेक्टर 10, भिलाई में गुजरात अंडर 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। गुजरात अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 10.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 363 रन बनाए। गुजरात की ओर से प्रियेश ने 99 रन तथा कुशन पटेल ने 74 रन बनायें। छत्तीसगढ अंडर 23 टीम की ओर से वरुण सिंह भुई ने 5 विकेट तथा प्रशांत सांई पैकरा ने 2 विकेट हासिल किए। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ ने अपनी पहली पारी में 10 ओवरों में मात्र 14 रन बनाये है तथा 2 विकेट खो दिये हैं। आशीष डहरीया 8 रन तथा किवनूर 4 रनों पर खेल रहें है। गुजरात की ओर से जय मालुसरे ने 2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक गुजरात 349 रनों से आगे है।

### महिला क्रिकेट कल से, सेजल करेंगी छत्तीसगढ़ का नेतृत्व

**रायपुर।** बीसीसीआई वुमेंस अंडर-19 चैलेंजर



ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 24 अक्टूबर से सी ए स सी ए स की मेजबानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने जा रहा है। आयोजन में कुल 4 टीमें हिस्सा लेगीं। जिनमें विभिन्न प्रदेशों के चयनित खिलाडी हिस्सा लेगें। छत्तीसगढ़ से सेजल वर्मा का चयन उक्त प्रतियोगिता हेतु किया गया है। जो टीम बी का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 24 से नवा रायपुर में, तैयारियां जोरों पर

**रायपुर।** नेशनल गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया



नवा रायपुर में 24 से 26 अक्टूबर के बीच नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप-2024 का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन में देश के 20 राज्यों की टीमें शामिल हो रही हैं। आयोजन में छत्तीसगढ़ सरकार की भी सहभागिता होगी। 24 अक्टूबर को कैडी टूर्नामेंट, 25 अक्टूबर को प्लांटेशन ड्राइव, 26 अक्टूबर को सुबह 6 बजे सभी टीमों के खिलाड़ी जुटेंगे और 27 अक्टूबर को समापन समारोह होगा। इस संबंध में तैयारियां जोरों पर चल रही है।

देश के महानगर एक बार फिर से वायु प्रदूषण की चपेट में

# जहरीली हवा में फेफड़े हो रहे खराब, वायु प्रदूषण से बढ़ रही है हम सबकी तकलीफें

राजधानी दिल्ली-एनसीआर एक बार फिर से वायु प्रदूषण की चपेट में है। इसी तरह देश के कुछ प्रमुख नगरों में भी वायु प्रदूषण का स्तर पर बढ़ रहा है। आमतौर पर हर साल दीपावली के बाद बढ़ने वाला प्रदूषण, इस बार पहले से ही लोगों को परेशान करने लगा है। दीपावली के पहले ही धुंध और धुएं जैसे स्थिति दिखने लगी है, आने वाले दिनों में इसके और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 344 पर पहुंच गया है, इसे 'बहुत खराब' श्रेणी वाला माना जा रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, 'खराब' एक्यूआई के लंबे समय तक संपर्क में रहने से सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। इतना ही नहीं इसके दीर्घकालिक दुष्प्रभावों में मस्तिष्क, हृदय स्वास्थ्य और तंत्रिकाओं पर भी नकारात्मक असर होने का खतरा रहता है। वायु प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर फेफड़ों पर देखा जाता रहा है। कई लोगों में ये क्रोनिक ऑबस्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और अस्थमा जैसी बीमारियों को बढ़ाने या ट्रिगर करने वाली समस्या भी हो सकती है। आइए जानते हैं कि वायु प्रदूषण किस प्रकार से हमारे फेफड़ों के लिए नुकसानदायक है और इससे सुरक्षित रहने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?



#### वायु गुणवत्ता के पैमाने

वायु गुणवत्ता खराब होने के बारे में आप भी सुनते आ रहे होंगे। यहां समझना जरूरी है कि कितना एक्यूआई होना किस बात का संकेत है? 0-50 को 'अच्छा', 51-100 को 'संतोषजनक', 101-200 को 'मध्यम', 201-300 को 'खराब', 301-400 को 'बहुत खराब' और 401-500 को 'गंभीर' एक्यूआई मानी जाती है। फिलहाल दिल्ली की एक्यूआई बहुत खराब स्थिति में बनी हुई है। इस तरह की वायु गुणवत्ता को श्वसन तंत्र के लिए काफी हानिकारक माना जाता है।

#### अस्थमा और सीओपीडी जैसी बीमारियों का खतरा


अमेरिकन लंग्स एसोसिएशन के विशेषज्ञों के मुताबिक लंबे समय तक वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से अस्थमा और सीओपीडी सहित फेफड़ों की कई बीमारियां हो सकती हैं। अगर आप गर्भवती होने के दौरान उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आती हैं, तो चाहे आपको अस्थमा हो या न हो, आपके बच्चे को अस्थमा होने की आशंका अधिक हो सकती है। वायु प्रदूषण के कारण ब्रोंकाइटिस और निमोनिया जैसे फेफड़ों के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। कुछ अध्ययनों से ये भी पता चलता है कि पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) जैसे सूक्ष्म कण सांस के माध्यम से फेफड़ों में पहुंचकर फेफड़ों के कैंसर का खतरा भी बढ़ा सकते हैं।


#### वायु प्रदूषण के कारण हो सकती हैं इस तरह की दिक्कतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को निरंतर वायु प्रदूषण से बचाव के लिए प्रयास करते रहना जरूरी है, विशेषतौर पर जिन स्थानों पर एक्यूआई खराब स्तर की है, वहां पर सभी लोगों को और अधिक सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। वायु प्रदूषण के संपर्क में आने के कारण आपको कई तरह की दिक्कतें होने लगती हैं। प्रदूषण के कारण सबसे पहले आपको सांस लेने में कठिनाई महसूस हो सकती है।

#### कैसे करें प्रदूषण से बचाव?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, प्रदूषित हवा में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) 2.5 जैसे सूक्ष्म कणों की मौजूदगी के कारण अल्पकालिक और दीर्घकालिक कई तरह की समस्याओं का खतरा हो सकता है। वायु प्रदूषण और इसके कारण होने वाले जोखिमों से बचाव के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जिन स्थानों पर एक्यूआई बहुत खराब स्तर की है वहां पर बाहर व्यायाम करने से बचें। लकड़ी या कचरा न जलाएं। वायु प्रदूषण से बचाव के लिए मास्क पहनना सबसे जरूरी है। अच्छी क्वालिटी के मास्क आपको प्रदूषित हवा से बचा सकते हैं। जिन लोगों को पहले से ही अस्थमा या सीओपीडी जैसी समस्या रही है उन्हें हमेशा अपने साथ इनहेलर रखना चाहिए।





### सेहत की दुश्मन होती हैं आपकी आदतें, आज से ही कर लें सुधार

आज के दौर में हर कोई किसी न किसी बीमारी से जरूर परेशान है। कोई मोटापे से परेशान है तो किसी को डायबिटीज की समस्या है। इन सभी समस्याओं के लिए हम खुद ही जिम्मेदार हैं। हमारी कुछ ऐसी आदतें हैं जो सेहत को धीरे-धीरे खराब कर रही है और इसके बारे में हमें जानकारी तक नहीं है। हम जानेंगे हमारी वो तीन आदतें जो सेहत को बर्बाद कर रही है। इस बारे में जानकारी दे रहे हैं डॉ.उदय कुमार।

#### रात की खराब रूटीन


डॉ. उदय कुमार कहते हैं कि आपकी रात की खराब रूटीन आपकी खराब सेहत के लिए जिम्मेदार होती है। इसमें डिनर टाइम पर न करना, देर रात सोना या बिल्कुल ही नहीं सोना, आधी रात में स्नैक्स खाना, देर रात तक फोन चलाना, और सुबह के 4 बजते सो जाना शामिल है। अगर आपका भी रूटीन ऐसा है तो आपको खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए, इससे आप मोटापे के शिकार हो सकते हैं, दिल की सेहत प्रभावित होती है, ब्रेन फंक्शन खराब हो सकता है।

#### खान पान का तरीका

आपके खाने पीने का तरीका भी आपकी सेहत को प्रभावित करती है। इसके अंदर भी कई सारे फैक्टर शामिल है जैसे वक्त पर नाश्ता या खाना न खाना, इसके अलावा आप बिंज ईटिंग करते हैं, फास्ट और पैक्ड फूड खाते हैं, या हर थोड़ी देर पर कुछ न कुछ खाते हैं, पानी बहुत ही कम पीते हैं, प्रोटीन का इंटेक कम करते हैं तो भी आपकी सेहत पूरी तरह से बर्बाद हो सकती है। ये आदतें आपको आगे चल कर गंभीर रूप से बीमार बना सकती है।

#### नकारात्मक सोंच

सिर्फ गलत खान पान या गलत रूटीन ही नहीं हेल्थ को प्रभावित करती है। आपकी नकारात्मक सोंच भी आपके फिजिकल हेल्थ पर असर डालती है। बहुत ज्यादा सोचना, बात-बात पर चिंता करना, दूसरों से जलना, गुस्सा करना भी आपके मेंटल और फिजिकल हेल्थ को बुरी तरह से डैमेज कर सकता है। आगे चल कर आप मानसिक बीमारी के शिकार हो सकते हैं। एक्सपर्ट कहती हैं कि ये एक फैक्ट



है कि कोई भी बिल्कुल परफेक्ट नहीं हो सकता है लेकिन अपनी आदतों में बदलाव ला कर अपनी हेल्थ को खराब होने से हम जरूर बचा सकते हैं। सेलेब्रिटी न्यूट्रीशनिस्ट सुमन अग्रवाल ने हाल ही में अपने एक वीडियो के माध्यम से लोगों को बताया कि आजकल के युवाओं में पेट से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही है। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे खराब खान पान, शराब का ज्यादा सेवन करना स्ट्रेस आदि। ऐसे में अनहेल्दी गट हेल्थ दूसरी बीमारियों की भी वजह बन सकता है।

#### दिन भर कड़ी मेहनत करना

ज्यादतर लोग दिन भर दफ्तर में बैठकर काम करते हैं। दिन भर कड़ी मेहनत करने के बाद अगर आपको लगता है कि रात को पार्टी करने से आप रिलैक्स महसूस करेंगे तो यह कुछ हद तक सही है। हालांकि पार्टीज में आप ढेर सारा ऐसा खाना खाते हैं जो आपकी गट हेल्थ के लिए सही नहीं होता है। यदि आप लेट नाइट पार्टी करते हैं और दूसरे दिन फिर सुबह काम पर चले जाते हैं तो इससे एसिड बैलेंस नहीं होता है।

### घर में रखा ये पौधा बन सकता है आपकी समृद्धि का कारण



घर में कई अलग पौधों को लगाना विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। अगर आप भी अपने घर में इन पौधों को सही स्थान पर रखती हैं तो आपके जीवन में सदैव खुशहाली बनी रहती है।

अपनी खूबसूरत जेल से भरी पत्तियों और कई सौंदर्य सामग्रियों में से एक एलोवेरा का पौधा आपके घर के लिए भी कई तरह से उपयोगी माना जाता है। इस पौधे की पत्तियां घर की खूबसूरती बढ़ाने के साथ घर के वास्तु के लिए भी शुभ मानी जाती हैं।

वास्तु शास्त्र के अनुसार आपके घर के भीतर वस्तुओं का स्थान महत्वपूर्ण माना जाता है और इन्हें करीने से रखने से घर में सकरात्मक ऊर्जा का वास होता है। यदि आप वास्तु के अनुसार घर में कुछ पौधों को सही स्थान पर रखती हैं तो ये हमेशा आपकी समृद्धि का कारण बन सकते हैं।

इन्हीं पौधों में से एक है एलोवेरा का पौधा। यदि आप इस पौधे को वास्तु नियमों के अनुसार सही दिशा में रखती हैं तो आपके घर में सदैव खुशहाली बनी रहती है। आइए वास्तु एक्सपर्ट डॉ मधु कोटिया से जानें घर में एलोवेरा का पौधा रखने के सही स्थान और दिशा के बारे में जिससे ये वास्तु दोषों को दूर करने में आपकी मदद कर सके।

#### किस दिशा में लगाएं एलोवेरा का पौधा

वास्तु के अनुसार आपके घर का उत्तर-पूर्व कोना सबसे शुभ माना जाता है और सकारात्मक ऊर्जा और खुशहाली से जुड़ा होता है। यदि आप अपने घर में एलोवेरा के पौधे को इस कोने में रखती हैं तो यह घर के लोगों के बीच सद्भाव जो भावना जागृत करने में मदद करता है।

इससे घर में शांतिपूर्ण माहौल बना रहता है और ये घर के लोगों को भी मानसिक शांति प्रदान करता है। यदि घर का पूर्वोत्तर कोना आपके एलोवेरा के पौधे को रखने के लिए उपयुक्त नहीं है तो इसे पूर्व या उत्तर की तरफ वाली खिड़की के पास रखें। ये दिशाएं सकारात्मक ऊर्जा से भी जुड़ी होती हैं और यह पौधा प्राकृतिक रोशनी से खिला हुआ भी रहता है।

### इन सब्जियों फ्रोजन ही खरीदें स्वाद में नहीं आएगी कमी



सीजनल सब्जियां खाना सबसे अच्छा माना जाता है। हालांकि, कुछ सब्जियों को फ्रेश नहीं बल्कि फ्रोजन स्टेट में खाना सही माना जाता है। जी हां, ब्रोकली, मटर, पालक, आदि सब्जियां आप ले आएं और फिर उन्हें फ्रिज में रख दें, तो एक-दो दिन में ही वे खराब हो जाती हैं।

ऐसे में इन सब्जियों को फ्रोजन स्टेट में खरीदना चाहिए और इनका सेवन भी इसी तरह करना चाहिए, क्योंकि ये सब्जियां फ्रेश होने के बजाय फ्रोजन स्टेट में हाई लेवल न्यूट्रिएंट्स प्रदान करती हैं। आइए आपको बताएं ये कौन-सी सब्जियां है।

**मटर:** फ्रोजन मटर फ्रोजन खरीदने पर बेहतर होती है। ताजा मटर तोड़ने के बाद जल्दी ही अपनी मिठास खो देता है क्योंकि मटर में मौजूद नेचुरल शुगर स्टार्च में बदलने लगती है। जब मटर को कटाई के तुरंत बाद फ्रोजन किया जाता है, तो वे अपना स्वाद और पोषण मूल्य बनाए रखते हैं, जिससे वे विभिन्न व्यंजनों के लिए एकदम सही बन जाते हैं।

**हरी बीन्स:** हरी बीन्स एक और सब्जी है जो अक्सर फ्रोजन में खरीदने पर बेहतर होती है। अगर सही समय पर ताजी हरी बीन्स न तोड़ी जाए तो वे सख्त और रेशेदार हो सकती हैं और वे जल्दी ही अपना कुरकुरापन खो देती हैं। दूसरी ओर, फ्रोजन हरी बीन्स जब फ्रोजन किया जाता है, तो वे नरम और पौष्टिक बनी रहती हैं।

**ब्रोकली:** फ्रोजन ब्रोकली कई कारणों से ताजी ब्रोकली से बेहतर विकल्प हो सकती है। मटर की तरह, ताजी ब्रोकली भी कटाई के तुरंत बाद अपने पोषक तत्व खोना शुरू कर देती है। हालांकि, फ्रोजन ब्रोकली को ब्लांच करके और फ्लैश-फ्रोजन करके स्वाद और विटामिन सी, फाइबर और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व दोनों को बरकरार रखा जाता है।

**मक्का:** सर्दियों में भुट्टा बहुत खाया जाएगा मगर हमारी सलाह है कि आप इसके फ्रोजन दाने खरीदें, तो ज्यादा अच्छा रहेगा। ताजा मक्का कटाई के तुरंत बाद खाना सबसे अच्छा होता है क्योंकि इसकी नेचुरल शुगर कुछ ही घंटों में स्टार्च में बदलने लगती है। दूसरी ओर, फ्रोजन मक्का को फ्रेश तोड़कर तुरंत जमाया जाता है, जिससे इसका स्वाद और बनावट दोनों बरकरार रहती है। फ्रोजन मक्के के दानों को सलाद, सूप, पुलाव, सैंडविच या कॉर्न पुडिंग जैसी डिशेज में डाल सकते हैं।

कार्नर न्यूज

विक्की के ट्रांसफॉर्मेशन जर्नी को फॉलो कर खुद में ला सकते हैंबदलाव

## पतले-दुबले होकर भी हेल्दी दिखना चाहते हैं तो अपनाएं विक्की के फिटनेस टिप्स

विक्की कौशल बॉलीवुड के सबसे सफल यंग एक्टर्स में से हैं। फिल्म 'मसान' से बॉलीवुड में कदम रखने वाले विक्की कौशल आज अपनी एक्टिंग से पूरे देश का दिल जीत चुके हैं। 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक', 'सरदार उधम सिंह', 'राजी', और 'संजू' जैसी बेहतरीन फिल्म में विक्की कौशल नज़र आ चुके हैं। विक्की कौशल की खास बात ये है कि वो अपनी फिटनेस की वजह से भी जाने जाते हैं। हालांकि, विक्की कौशल अपनी पहली फिल्म में सिंपल और पतले-दुबले लड़के के किरदार में दिखाई दिए थे, लेकिन बाकी फिल्मों में एक्टर का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिला है। विक्की के ट्रांसफॉर्मेशन की जर्नी की टिप्स को फॉलो कर कई पुरुष खुद में भी बदलाव ला सकते हैं।



#### पतले लोगों का फास्ट मेटाबॉलिज्म

विक्की कौशल की जो पर्सनालिटी है वो भी पतले-दुबले पुरुषों में ही आती है। जो लड़के पतले-दुबले होते हैं। असल में उनका मेटाबॉलिज्म बहुत हाई होता है। वेट गेन करने के लिए उन्हें काफी कैलोरी लेनी होती है। मेटाबॉलिज्म हाई होने की वजह से उनका वजन बढ़ना काफी मुश्किल होता है। अच्छी डाइट और वर्कआउट के साथ पुरुष अच्छी बॉडी बना सकते हैं।

#### ज्यादा नींद लें

जो लोग पतले-दुबले हैं। उन्हें ज्यादा से ज्यादा सोने की जरूरत होती है। इससे उनके शरीर को आराम मिलता है। इससे मांसपेशियों को विकसित होने में मदद मिलती है। शरीर को आराम देने से वजन बढ़ता है।

#### ज्यादा नींद लें

जो लोग पतले-दुबले हैं। उन्हें ज्यादा से ज्यादा सोने की जरूरत होती है। इससे उनके शरीर को आराम मिलता है। इससे मांसपेशियों को विकसित होने में मदद मिलती है। शरीर को आराम देने से वजन बढ़ता है।

#### अच्छे से खाएं खाना

ये आम बात है कि यदि आप पतले हैं, तो आपको वजन बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा खाना खाना होगा। वजन बढ़ाने के लिए एक डाइट की ज्यादा जरूरत होती है। जो आपकी बॉडी को हेल्दी बनाए। साथ ही आपका वजन भी बढ़ाए।

#### रोजाना करें वर्कआउट

जरूरी नहीं है कि जो लोग मोटे होते हैं, वही केवल जिम या योग करते हैं। जो लोग पतले-दुबले होते हैं। वो भी जिम जाकर रोज एक्सरसाइज कर सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'वन डायरेक्शन' फेम गायक लियाम होटल की तीसरी मंजिल से गिरे, मौत



पॉप बैंड 'वन डायरेक्शन' के पूर्व स्टार लियाम पायने के प्रशंसकों के लिए दुखद खबर सामने आई है। गायक का 31 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। जानकारी के अनुसार, लियाम पायने का निधन ब्यूनस आयर्स के एक होटल की तीसरे मंजिल से गिरकर हुआ। स्थानीय पुलिस ने पुष्टि की कि यह घटना पलेर्मो में कोस्टा रिका स्ट्रीट के एक होटल में हुई। इस खबर ने उनके प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया है। जानकारी से परिवार समेत करीबी दोस्त भी सकते में हैं।

ब्यूनस आयर्स मीडिया के अनुसार, पूर्व 'वन डायरेक्शन' सदस्य और एकल कलाकार लियाम पायने की ब्यूनस आयर्स में एक होटल की तीसरी मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई है। इस खबर की घोषणा बुधवार, 16 अक्टूबर को की गई। वहीं, अर्जेंटीना के प्रमुख समाचार पत्रों, ला नेसियोन और क्लेरिन ने अधिकारियों के हवाले से कहा कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि एक शख्स ड्रग्स और शराब के नशे में था। इसके बाद पुलिस होटल पहुंची। होटल मैनेजर ने कहा कि उन्होंने होटल के पीछे तेज आवाज सुनी और जब पुलिस वहां पहुंची तो देखा कि एक शख्स अपने कमरे की बालकनी से गिरा हुआ था। आपातकालीन चिकित्सा कर्मियों ने बाद में पायने की मौत की पुष्टि की। ब्रिटिश गायक के निधन की खबर से म्यूजिक इंडस्ट्री में शोक की लहर है। एमटीवी की लैटिन अमेरिकी शाखा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'हमारा दिल टूट गया है और हम उनके परिवार और प्रियजनों के लिए रोशनी और ताकत की कामना करते हैं।'

लियाम पायने हैरी स्टाइल्स, जैन मलिक, लुइस टॉमलिंसन और नियाल होरान के साथ प्रतिष्ठित बॉय बैंड 'वन डायरेक्शन' के हिस्से के रूप में प्रसिद्ध हुए।

### टॉलीवुड

## दोबारा शुरू हुई पवन की 'ओजी' की शूटिंग, निर्माताओं ने दी जानकारी



साउथ सुपरस्टार पवन कल्याण वर्तमान में आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियों में व्यस्त हैं। इसके साथ ही वे अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ओजी' को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं। हालांकि, अब सिनेमा में उनकी वापसी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। सुजीत द्वारा निर्देशित उनकी आगामी फिल्म 'ओजी' दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर रही है। वहीं अब इस फिल्म से जुड़ी नई जानकरी सामने आई है। पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वे कॉल हिम ओजी' उर्फ 'ओजी' पर लंबे समय से काम चल रहा है। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद पवन कल्याण की राजनीतिक प्रतिबद्धताओं के कारण फिल्म के निर्माण में कुछ देरी हुई। सुजीत द्वारा निर्देशित इस एक्शन थ्रिलर का प्रशंसकों द्वारा बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। वहीं, अब निर्माताओं ने एलान किया है कि फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू कर दी गई है। ओजी निर्माताओं ने लंबे अंतराल के बाद शूटिंग फिर से शुरू कर दी है। टीम ने सेट से निर्देशक सुजीत की एक तस्वीर जारी की है और यह अपडेट इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। पवन कल्याण बाद में शूटिंग में शामिल होंगे। वर्तमान में, टीम उन दृश्यों को फिल्मा रही है, जिनमें पवन कल्याण की उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है। फिल्म में प्रियंका मोहन भी मुख्य भूमिका में हैं। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी पावरस्टार पवन कल्याण के दुश्मन की भूमिका निभा रहे हैं। श्रीया रेड्डी, अर्जुन दास, हरीश उथमन, अभिमन्यु सिंह और अन्य इस गैंगस्टर एक्शन ड्रामा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। थमन ने धुनों की रचना की है। डीवीवी दानय्या इस बड़ी फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## खेसारी का नया गाना 'साड़ी की प्लेट' मचा रहा धमाल, कनिष्का के साथ जोड़ी



लोकप्रिय भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव का भौकाल टाइट है। उनका बीते दिनों रिलीज हुआ गाना 'जुम्मा चुम्मा' धमाल मचा रहा है। यूट्यूब पर म्यूजिक कैटेगरी में यह दूसरे नंबर पर ट्रेंड कर रहा है। इस बीच अभिनेता का आज एक और नया गाना रिलीज हुआ है। जी हां, खेसारी का गाना 'साड़ी की प्लेट' जारी कर दिया गया है, जिसमें वे नवोदित अभिनेत्री कनिष्का के साथ रोमांस करते नजर आए हैं। खेसारी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से कल 14 अक्तूबर को पोस्ट साझा कर अपने आगामी म्यूजिक एल्बम ₹साडी के प्लेट₹ का पोस्टर जारी किया था। आज 15 अक्तूबर को यह गाना आर जे म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुका है। इस गाने को खेसारी लाल और शिल्पी राज ने गाया है। इस गाने में भी अभिनेता के डांस का धमाल देखने को मिल रहा है।

खेसारी के नए गाने के बोल गीतकार डीके दीवाना ने लिखे हैं। वहीं, म्यूजिक आर्य शर्मा ने दिया है। गाने का वीडियो लक्की विश्वकर्मा ने डायरेक्ट किया है। गाने को खेसारी और अभिनेत्री कनिष्का पर फिल्माया गया है और दोनों की जोड़ी बहुत जबर्दस्त है। फैंस को गाना खूब पसंद आ रहा है। यूजर कमेंट कर रहे हैं कि 'खेसारी भैया के गाने का नया रिकॉर्ड बनना चाहिए'।





तरूण का डिजिटल फैशन शो

दिग्गज भारतीय फैशन डिजाइनर तरुण तहिलियानी ने बीते दिनों अपनी प्रस्तुति 'पीसेज ऑफ यू' देने देश का पहला, पूर्ण लंबाई वाला डिजिटल फैशन शो शुरू किया। गुरुग्राम में उनके स्टूडियो और फैक्ट्री में शूट किया गया यह शो इंस्टाग्राम पर लाइव हुआ और डिजाइनर के ब्राइडल और फेस्टिववियर कलेक्शन को पेश किया गया। 25 मिनट लंबे इस ऑनलाइन शो को देखने के लिए दुनिया भर से 8,000 से अधिक दर्शकों ने लॉग इन किया। तरुण ने मिलेनियल दुल्हन के लिए बेहतरीन कॉन्सेप्ट साड़ियों और शानदार स्टेटमेंट ब्रोकेड लहंगे से लेकर खूबसूरत केप और ब्लाउज़ और आकर्षक गाउन तक ढेरों विकल्प पेश किए।

## उम्र से कम दिखने कच्चे दूध का करें इस्तेमाल

उम्र के साथ त्वचा में कई तरह के बदलाव होते रहते हैं। वहीं उम्र चाहे कितनी भी हो, रोजाना त्वचा का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको मार्केट में कई स्किन केयर प्रोडक्ट्स भी आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन लगभग सभी प्रोडक्ट्स में कई प्रकार के केमिकल मौजूद होते हैं जो त्वचा की चमक को फीका बना सकते हैं। त्वचा की देखभाल करने के लिए आप कच्चे दूध का इस्तेमाल चेहरे पर कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कैसे करें जवां और खूबसूरत त्वचा पाने के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल और जानेंगे इसके त्वचा को मिलने वाले फायदे।





### कच्चे दूध को चेहरे पर लगाने के फायदे

कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है जो त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। यह त्वचा को नमी देने का काम भी करता है जिसके कारण त्वचा मॉइश्चराइज नजर आती है।

### शहद को चेहरे पर लगाने के फायदे

त्वचा में मौजूद पोर्स की सफाई करने से लेकर स्किन को मॉइस्चराइज करने का काम करता है। त्वचा को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। यह स्किन टेक्सचर को सुधारने के काम भी आता है।

### जवां त्वचा पाने के लिए क्या करें?

जवां त्वचा पाने के लिए सबसे सबसे पहले एक बाउल में करीब 2 चम्मच शहद के साथ 2 से 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर चेहरे की त्वचा पर लगा लें। इस फेस पैक को ब्रश की मदद से अपने चेहरे पर लगाएं। कम से कम 15 से 20 मिनट तक इसे लगा रहने दें। ध्यान रहें कि आप इस फेस पैक को आंखों से दूर रखें। साफ पानी और कॉटन की मदद से चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। इसका इस्तेमाल आप हफ्ते में कम से कम 2 बार कर सकती हैं। लगातार इसके इस्तेमाल से कुछ ही दिनों में आपके चेहरे की त्वचा साफ और जवां नजर आएगी।

## अहोई अष्टमी पर पहनेंगी लेहरिया साड़ी की खास डिजाइंस , खिल उठेगा सौंदर्य




इस वर्ष 24 अक्टूबर को पड़ रही अहोई अष्टमी, महिलाओं के लिए एक एक अहम अवसर है। वैसे तो इस दिन माताएं अपने बच्चों की लंबी आयु और सफल जीवन के लिए व्रत रखती हैं, मगर इस दिन भी साजो-श्रृंगार महिलाएं वैसा ही करती हैं, जैसे वे करवाचौथ और तीज पर करती हैं। ऐसे में बाजार में अहोई अष्टमी के लिए आपको बहुत सारा स्टफ मिल जाएगा, जो आपको फेस्टिव अंदाज देने में मददगार हो सकता है। बात अगर सिंपल सोबर साड़ी की है, जो लाइट वेट होने के साथ ही आपको बहुत अच्छा लुक दे सके। आज हम लाइटवेट और खूबसूरत लेहरिया साड़ी के कुछ विकल्प दिखाएंगे, जो आप अहोई अष्टमी पर रीक्रिएट कर सकती हैं। बेस्ट बात तो यह है कि आपकी उम्र कितनी भी हो जाए आप लेहरिया साड़ी पहनकर हमेशा ही जवां-जवां नजर आएंगी।

### रफल लेहरिया साड़ी डिजाइन



साड़ी में रफल अंदाज काफी समय से लोकप्रिय हो रहा है। आपने साड़ियों के विभिन्न पैटर्न में रफल स्टाइल देखी होगी। लेहरिया साड़ी में भी आपको रफल अंदाज वाली साड़ी बाजार में मिल जाएंगी। इस तरह की साड़ी को आप डिजाइनर ब्लाउज या फिर क्रॉप टॉप के साथ कैरी कर सकती हैं। इससे आपको ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक मिल जाएगा। अगर आप अपने साड़ी लुक को और भी बेहतर बनाना चाहती हैं, तो आप इसके साथ सूट्स, ब्रॉड लुक वाले ईयररिंग्स और झुमकियां भी पहन सकती हैं।

### गोटा वर्क लेहरिया साड़ी डिजाइन

गोटा वर्क एक पारंपरिक कढ़ाई है, जो किसी भी कपड़े पर कर दी जाए, तो उसमें एथनिक लुक आ जाता है। खासतौर पर यह कढ़ाई लेहरिया वर्क वाली साड़ी पर बहुत अच्छी लगती है। इससे आपकी साड़ी लाइटवेट होते हुए भी हेवी और डिजाइनर नजर आती है। अगर आप भी इस तरह की साड़ी खरीद रही हैं, तो इसे आप सिंपल ब्लाउज के साथ कैरी करें। ऐसा इसलिए क्योंकि साड़ी पर हैवी वर्क तब ही उभर कर नजर आएगा, जब आप उसके साथ सिंपल-सोबर ब्लाउज पहनेंगी।

## दिवाली पर चौड़े पैरों को खूबसूरत बनाएंगी बिछिया की ये नई डिजाइंस

भारतीय परंपरा में पैरों में बिछिया पहनने का महत्त्व अधिक होता है। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। वहीं बदलते फैशन के दौर में आजकल इसमें भी काफी मॉडर्न तरह की सिल्वर बिछिया देखने को मिल जाएंगी। बात अगर सही डिजाइन चुनने की करें तो इसके लिए हमें अपने पैरों के आकार को समझना चाहिए। खासकर चौड़े पैरों वालों को अपने लिए बिछिया चुनते समय परेशानी का सामना करना पड़ता है। तो आइये देखते हैं बिछिया की खूबसूरत डिजाइंस-

### फ्लोरल बिछिया डिजाइन

ज्यादा हैवी और फैंसी डिजाइन की बिछिया नहीं पहनना चाहती हैं तो इस तरीके के प्लेन दिखने वाली फ्लावर डिजाइन वाली बिछिया आपके लिए बेस्ट रहेंगी आप चाहें तो फैंसी लुक के लिए स्टोन में 2 से 3 रंगों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा एक से ज्यादा उंगलियों में एक जैसी दिखने वाली बिछिया पहन सकती हैं।

### प्लेन डिजाइन सिल्वर बिछिया



वैसे तो बिछिया में आपको कई डिजाइंस और साइज देखने को मिल जाएंगे, लेकिन डेली वियर और सिंपल लुक के लिए इस तरह की प्लेन सिल्वर की बिछिया आपके लिए बेहद खास साबित हो सकती है। इसमें आपको काफी सारे अलग-अलग आकार की बिछिया देखने को मिल जाएंगी।

### घुंघरू डिजाइन बिछिया

ज्यादा फैंसी नहीं लेकिन थोड़ा हैवी लुक देने वाली बिछिया ढूंढ रही हैं तो एवरग्रीन पसंद की जाने वाली बिछिया के डिजाइन को चुन सकती हैं। इसमें घुंघरू का डिजाइन सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है।

## करेले के जूस को हेयर केयर रूटीन में शामिल करने के लाजवाब तरीके, एक्सपर्ट से जानें

करेले के जूस का नाम सुनते ही अक्सर लोग टेढ़े-मेढ़े मुंह बनाने लगते हैं। करेले का जूस कड़वा होता है और इसलिए अमूमन लोग इस पीने से बचते हैं। लेकिन करेले का जूस अपने औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है और इसलिए, अपने हेयर ग्रोथ में शामिल करने से आपको काफी फायदा मिल सकता है। अपने एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुणों की वजह से यह डैंड्रफ से लड़ने में सहायक है। इतना ही नहीं, इसमें मौजूद विटामिन ए, सी और आयरन हेयर ग्रोथ में मददगार है। साथ ही साथ, इससे हेयर फॉल की समस्या भी दूर होती है। बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि यह स्कैल्प के संक्रमण को भी कम करने में सहायक है। करेले के जूस के हेयर बेनिफिट्स अनगिनत हैं और इसलिए आपको इसे जरूर इस्तेमाल करना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि अपने बालों का ख्याल रखने के लिए करेले के जूस का इस्तेमाल किस तरह कर सकती हैं-

### करेले का जूस और मेथी के बीज से बना हेयर ग्रोथ पैक



यह एक हेयर ग्रोथ पैक है और सप्ताह में एक बार इसके इस्तेमाल से आपके बाल तेजी से बढ़ने लगेंगे। यह पैक बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है, जिससे बाल टूटते और झड़ते नहीं हैं। सबसे पहले मेथी के बीज को रातभर भिगो दें और फिर उसे पीसकर पेस्ट बना लें। अब आप करेले के जूस में मेथी के पेस्ट को मिक्स करके एक पैक बना लें।अब इस मिश्रण को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30-40 मिनट तक लगा रहने दें और गुनगुने पानी और माइल्ड शैम्पू से धो लें।

### करेला और एलोवेरा से करें स्कैल्प की देखभाल

एलोवेरा और करेले के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण रेडनेस, सूजन और खुजली को शांत करने में मदद करते हैं।

कार्नर न्यूज

### मेंस फैशन में अब जरूरत बनता जा रहा है बालों में रिबॉन्डिंग कराना

*पुरुष भी अब रिबॉन्डिंग कराते हैं और कई दफा बिना सोचे-समझे भी करा लेते हैं। लेकिन रिबॉन्डिंग एक ऐसा ट्रीटमेंट है जिसको कराने से पहले हेयर केयर टिप्स जरूर आजमा लेने चाहिए। इन टिप्स के बिना रिबॉन्डिंग का बालों पर असर अच्छा नहीं होगा और इस महंगे ट्रीटमेंट को कराकर आप सिर्फ पछताएंगे ही। इसलिए रिबॉन्डिंग कराने से पहले इन कुछ बातों को ध्यान कर लीजिए।*

## बालों में रिबॉन्डिंग कराना चाहते हैं तो पहले इन बातों को जान लें, मिलेगा बेस्ट रिजल्ट



### महंगे प्रोडक्ट पर खर्चा

रिबॉन्डिंग से होने वाले नुकसान से बचने के लिए ही महंगे प्रोडक्ट इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। इन महंगे प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने के लिए खूब खर्चा करना होगा। इसके लिए भी तैयार रहिए।



### नुकसान के लिए रही तैयार

रिबॉन्डिंग के बाद बाल सीधे और फ्रिज फ्री हो जाते हैं। लेकिन इस ट्रीटमेंट के नुकसान भी हो सकते हैं। इससे बाल कमजोर हो सकते हैं। इसलिए एक्सपर्ट की राय के बाद ही इस ट्रीटमेंट के लिए आगे बढ़ें।

### टच अप हो जाता है जरूरी

रिबॉन्डिंग में बाल हमेशा ही सीधे रहते हैं, ऐसा एक्सपर्ट कहते हैं और ये सही भी है लेकिन। ये बात नए निकले बालों के लिए सही नहीं है। नए निकलने वाले बालों के लिए आपको टच अप कराना होगा जो आपके बालों को कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसलिए सोच समझ कर ही ये ट्रीटमेंट लें।

### 72 घंटे वाला नियम

रिबॉन्डिंग कराने के बाद 72 घंटे वाला नियम भी लागू हो जाता है। दरअसल ट्रीटमेंट को बालों पर अच्छे से असर करने के लिए अगले 72 घंटे बालों को धोना नहीं होता है। ये बहुत जरूरी नियम है।